समाचार पत्र साप्ताहिक है, डिजिटल अंक दैनिक प्रसारित होता है। Titel code : RAJHIN27856 अंक 239 वर्ष-2 मूल्य: पांच रूपये मात्र /- 6 जुलाई 2022, बुधवार संपादक गजेन्द्र गहलोत

दैनिक डि. समाचार पत्र

# मरूधर AAINA

एक आईना जो दिखाएं सच...

प्रकाशन एक व्यापार है लेकिन पत्रकारिता ने कभी व्यापार थी और ना ही आज है नहीं यह कोई पैसा है

छोटी-बड़ी खबरे...

## वैष्णोदेवी यात्रा करने वालों के लिए जयपुर से होगी बस

### राजस्थान रोडवेज जयपुर से कटरा के कल से शुरू करेगा बस सर्विस

मरूधर आईना

**जयपुर।** जम्मू, वैष्णो देवी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राजस्थान रोडवेज ने बस सर्विस शुरू करने का निर्णय किया है। 6 जुलाई से राजस्थान रोडवेज हर रोज एक बस कटरा के लिए चलाएगा। इस बस में एक यात्री को 1085 रुपए किराया देना पड़ेगा। ये बस वाया दिल्ली, लुधियाना होकर चलेगी। राजस्थान रोडवेज के अध्यक्ष और एमडी संदीप वर्मा ने बताया कि कोविड से पहले राजस्थान रोडवेज जम्मू के लिए बस का संचालन करता था। कोविड के बाद से इस सर्विस को रोक दिया था। अब यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर से इसे फिर से शुरू किया जाएगा। इस सर्विस के शुरू होने से जम्मू के अलावा पंजाब के जालन्धर, लुधियाना जाने वाले यात्रियों को भी सीधी बस सर्विस मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन में लम्बी वेटिंग और यात्रियों की मांग को देखते हुए इस बस सर्विस को शुरू किया जा रहा है।

## पुलिस व्हीकल को क्रेन ने मारी टक्कर, 6 पुलिसकर्मी घायल

**जयपुर।** जयपुर में तेज रफ्तार क्रेन ने पुलिस व्हीकल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पुलिस व्हीकल में सवार मानसरोवर थाने के 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर जाते समय पुलिस टीम के साथ हादसा हुआ। मानसरोवर थाने की दूसरी टीम ने घायल साथी पुलिसकर्मियों को हॉस्पिटल पहुंचाया। पीछा कर पकड़ी क्रेन को सीज कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी (मानसरोवर) हरिशंकर यादव ने बताया कि देर रात 2:30 बजे सूचना मिली कि मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास दो युवक आपस में झगड़ रहे है।

हादसा: कानपुर से खाटूश्यामजी जा रहे थे कार सवार

# कार-पिकअप में भीषण भिड़ंत, खाटूश्यामजी जा रहे 4 लागों की मौत

मरूधर आईना

**जयपुर , दौसा।** दौसा जिले के सैंथल और सदर थाना इलाकों के बीच नेशनल हाइवे 148 पर आज सवेरे हादसा हुआ। कार में पांच लोग सवार थे। पूरा परिवार था जो यूपी के कानपुर का रहने वाला था और सीकर खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए आ रहा था। इस दौरान सवेरे करीब पांच बजे सैंथल थाना इलाके के बापी गांव में हाइवे से होकर गुजरने के दौरान सामने से आ रही पिकअप से तेज रफ्तार कार टकरा गई। दोनो वाहनों की गति तेज थी। हादसे में कार में सवार पांच में से चार की मौत हो गई। मौके पर ही तीन ने दम तोड़ दिया एक अन्य ने अस्पताल ले जाने के दौरान जीवन त्याग दिया। उधर पिकअप सवार दो लोग समेत तीन इस हादसे में घायल हुए हैं । पुलिस का मानना है कि किसी न किसी वाहन ने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक किया और इस कारण संभवतः हादसा हुआ है। पुलिस ने बताया कि हादसे में कार सवार सोनू, आकाश, नीरज और दिपाशुं की मौत







हो गई । साथ ही पिकअप सवार सुनिल और महेश घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले दौसा से होकर सीकर जाने के लिए नया नेशनल हाइवे बनाया गया था। यहां से खाटू जाने में और जयपुर होते हुए खाटू जाने में करीब सत्तर मिनट बचते हैं। यही कारण है कि जयपुर के यातायात में कोई फंसना नहीं चाहता और अधिकतर लोग इसी रास्ते से खाटू जाते हैं और वापस लौट जाते हैं।

कन्हैयालाल हत्याकांड के बाद एजेंसियां एक्टिव, शाह राजस्थान आएंगे

# इंटरनल सिक्योरिटी पर होगी चर्चा, अशोक गहलोत समेत 8 राज्यों के सीएम होंगे शामिल

मरूधर आईना

**जयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में जयपुर में 9 जुलाई को नॉर्थ जोनल कार्उसिल की अहम बैठक होगी। इसमें इंटरनल सिक्योरिटी को लेकर विशेष चर्चा होगी। 5 सितारा होटल रामबाग पैलेस में होने वाली इस बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित 8 राज्यों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल हिस्सा लेंगे। सुबह करीब 10 बजे से होने वाले मीटिंग में राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के सीएम और उप राज्यपाल भाग लेंगे।

राज्यों की आंतरिक सुरक्षा, बॉर्डर सिक्योरिटी, साइबर अपराध, अंतरराज्यीय और सीमा पार से नशा कारोबार पर नकेल के लिए सामूहिक वर्क फोर्स बनाने, सूचनाओं के आपसी लेन-देन का सिस्टम डेवलप करने, महिलाओं और बच्चों से रेप के मामलों की जांच में तेजी लाकर अपराधियों को जल्द सजा दिलाने, राज्यों की सीमा विवादों के लिहाज से यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण हैं। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष होते हैं। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री अमित शाह के साथ चर्चा कर समस्याओं का समाधान निकालेंगे।

### इन मुद्दो के हिसाब से महत्वपूर्ण है बैठक



1. राज्यों की आंतरिक सुरक्षा
2. बॉर्डर सिक्योरिटी
3. साइबर अपराध
4. अंतरराज्यीय और सीमा पार से नशा कारोबार पर नकेल के लिए सामूहिक वर्क फोर्स बनाने
5. सूचनाओं के आपसी लेन-दे का सिस्टम डेवलप करना
6. महिलाओं और बच्चों से रेप के मामलों की जांच में तेजी लाकर अपराधियों को जल्द सजा दिलाने
7. राज्यों की सीमा विवादों से संबंधित मुद्दे

### कन्हैयालाल हत्याकांड की एनआईए कर रही जांच

राजस्थान के लिहाज से यह बैठक बेहद अहम मानी जा रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री राजस्थान के सीएम और गृहमंत्री अशोक गहलोत से इस मुद्दे पर लंबी चर्चा कर सकते हैं। हाल ही में उदयपुर में कन्हैयालाल टेलर की गला काटकर की गई निर्मम हत्या के बाद यह बैठक होने जा रही है। वीडियो वायरल कर पीएम मोदी को भी हत्यारों ने धमकी दी है। राजस्थान पुलिस की SIT, ATS और SOG जैसी एजेंसियां हमलावरों के आतंकी कनेक्शन की पड़ताल कर रही हैं। केन्द्र सरकार ने भी एनआईए (नेशनल इंवेस्टिगेटिंग एजेंसी) को जांच सौंपी है। दोनों हत्यारे रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा पिछले दिनों करौली, जोधपुर, भीलवाड़ा, भरतपुर में हिंसा, साम्प्रदायिक तनाव की घटनाएं भी हुई हैं।

### बिजली-कोयला-पानी संकट और ईआरसीपी प्रोजेक्ट बड़े मुद्दे

राजस्थान समेत उत्तरी भारत के राज्य बिजली और कोयला संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही, पानी के प्रोजेक्ट्स का मुद्दा भी लगातार उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केन्द्रीय गृहमंत्री से बिजली, कोयला सप्लाई, माइनिंग और पावर रिलेटेड इश्यूज, ईस्टर्न राजस्थान नहर प्रोजेक्ट को केंद्र से राष्ट्रीय प्रोजेक्ट का दर्जा दिलवाकर 13 जिलों की पानी की समस्या को दूर करवाने का मुद्दा उठाने की तैयारी में हैं। भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड से जुड़ा मुद्दा भी इस बैठक में शामिल रहेगा। इसमें राजस्थान को बोर्ड का सदस्य

रूस-यूक्रेन जंग

## स्वीडन-फिनलैंड को नाटो में शामिल करने की प्रोसेस शुरू, नाटो हेड बोले- अब हम और मजबूत

मरूधर आईना




**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग का आज 132वां दिन है। इस जंग का कोई नतीजा निकलता नहीं दिख रहा है। दूसरी तरफ स्वीडन और फिनलैंड को नाटो में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नाटो हेड जेम्स स्टोलटेनबर्ग ने इसे लेकर कहा कि यह फिनलैंड-स्वीडन और नाटो के लिए एक अच्छा दिन है। अब 32 सदस्य देशों के साथ हम और ज्यादा मजबूत होंगे। स्वीडन के विदेश मंत्री एन लिंडे ने कहा, हम सहयोगियों के समर्थन के लिए बहुत शुक्रगुजार हैं। हमें विश्वास है कि हमारी सदस्यता नाटो को मजबूत करेगी और यूरो अटलांटिक क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ाएगी। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद स्वीडन और फिनलैंड ने गुटनिरपेक्षता की नीति छोड़ नाटो में शामिल होने का फैसला किया था।

लुहांस्क के लिसीचांस्क शहर पर रूसी सेना के कब्जे के बाद राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने रूसी सैनिकों को बधाई दी। पुतिन ने कहा- जो सैनिक लिसीचांस्क के कब्जे में शामिल थे, उन्हें आराम करना चाहिए, लेकिन अन्य सैन्य इकाई जंग जारी रखें। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने पूरे लुहांस्क क्षेत्र पर रूस के कंट्रोल करने के बाद, लिसीचांस्क शहर सहित खोए हुए सभी क्षेत्र को फिर से हासिल करने का वादा किया। दक्षिणी स्विट्जरलैंड में 'यूक्रेन रिकवरी कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किया गया। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल ने कॉन्फ्रेंस में कहा - हमें लगता है, दुनिया भर में जब्त की गई रूसी संपत्ति का इस्तेमाल युद्ध से बर्बाद यूक्रेन को फिर से बनाने के लिए किया जाना चाहिए।

## राहुल गांधी फेक न्यूज केस में एंकर रोहित रंजन अरेस्ट

### एंकर को पकड़ने पहुंची छत्तीसगढ़ पुलिस; गाजियाबाद पुलिस ने रोका, नोएडा पुलिस पकड़ ले गई

**गाजियाबाद।** राहुल गांधी के खिलाफ फेक न्यूज चलाने के आरोपी जी-न्यूज के एंकर रोहित रंजन की मंगलवार सुबह नाटकीय ढंग में गिरफ्तारी हो गई। शुरुआत छत्तीसगढ़ पुलिस से हुई जो तड़के 5.30 रोहित के इंदिरापुरम स्थित घर के बाहर पहुंच गई। दरवाजे पर पुलिस देख रोहित ने ट्वीट कर यूपी पुलिस से मदद मांगी। गाजियाबाद पुलिस ने उनके ट्वीट का जवाब ट्वीट से दिया कि वे मदद के लिए जरूरी कार्रवाई कर रहे हैं। रायपुर पुलिस ने भी एंकर को इन्फॉर्म किया, वो भी ट्वीट के जरिए। कहा कि जांच में सहयोग करें। इस बीच गाजियाबाद के इंदिरापुरम की पुलिस भी रोहित के घर पहुंच गई। वहां रोहित की गिरफ्तारी को लेकर रायपुर और इंदिरापुरम पुलिस के बीच खींचतान चल ही रही थी कि नोएडा पुलिस की एंट्री हुई। नोएडा पुलिस ने कहा कि उनके यहां रोहित के खिलाफ केस दर्ज है, और वह रायपुर पुलिस के सामने रोहित को




## वीवो के 44 ठिकानों पर ईडी का छापा मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप; अप्रैल में शाओमी की 5551 करोड़ की संपत्ति हुई थी जब्त

मरूधर आईना

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को चाइनीज कंपनी वीवो पर छापा मारा है। यूपी, एमपी, बिहार, झारखंड, पंजाब और हरियाणा सहित कई राज्यों के 44 जगहों पर इससे जुड़ी फर्मों में तलाशी ली गई है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में यह छापेमारी हो रही है। ईडी की कई टीमें सुबह से अलग-लाग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो भी पहले से जांच कर रही है।

चाइना की अन्य कंपनियों की तरह वीवो भी आईटी और ईडी के रडार पर है। अप्रैल में जांच की मांग की गई थी कि क्या वीवो की ऑनरशिप और फाइनेंशियल रिपोर्ट में गड़बड़ी है या नहीं? ईडी, सीबीआई के साथ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय भी इन कंपनियों से जुड़े फर्मों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी शाओमी पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई की थी। इसके बेंगलुरु स्थित ऑफिस से अप्रैल में ईडी ने 5,551 करोड़ रुपए की रकम जब्त की थी। कंपनी पर अपनी कमाई को गैरकानूनी तरीके भारत से बाहर भेजने का आरोप था। कंपनी ने यह हेराफरी इसी महीने फरवरी में की थी, जिसके बाद संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। ईडी का कहना था कि टेक कंपनी रॉयल्टी के नाम पर इस तरह के बड़े अमाउंट की हेराफेरी चीन में मौजूद अपनी पेरेंट कंपनी के इशारे पर कर रही थी।

अजमेर के सलमान चिश्ती का विडियो वायरल, कहा-

# जो नूपुर शर्मा की गर्दन लाएगा, अपना घर दे दूंगा...खादिम फरार

मरूधर आईना

**नई दिल्ली/ अजमेर।** भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा को जान से मारने की धमकी देने वाला दरगाह का खादिम सलमान चिश्ती फरार है। अलवर गेट थाना पुलिस ने चिश्ती के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अजमेर एएसपी विकास सांगवान ने कहा कि वीडियो को लेकर पुलिस प्रशासन का सख्त है। उसकी तलाश की जा रही है। दरअसल, कुख्यात बदमाश और दरगाह के खादिम सलमान चिश्ती ने दो मिनट पचास सेकंड के विडियो में भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को जान से मारने की धमकी दी थी। वीडियो में वह कह रहा है कि %वक्त पहले जैसा नहीं रहा, वरना वह नहीं बोलता, कसम



है मुझे पैदा करने वाली मेरी मां की, मैं उसे सरेआम गोली मार देता, मुझे मेरे बच्चों की कसम, मैं उसे गोली मार देता और आज भी सीना ठोक कर कहता हूं, जो भी नुपुर शर्मा की गर्दन लाएगा, मैं उसे अपना घर दे दूंगा और रास्ते पर निकल जाऊंगा, सलमान ये वादा करता है। बता दें कि यह वीडियो लगभग 2 मिनट 50 सेकेंड का है. और इसमें सलमान चिश्ती अपनी धार्मिक भावनाओं का हवाला देत हुए नूपुर शर्मा को धमकी दे रहा है.

वहीं दूसरी तरफ वीडियो वायरल होने के बाद अजमेर पुलिस हरकत में आ गई है. पुलिस ने इस वीडियो की जांच शुरू कर दी है.

### उदयपुर में कन्हैया लाल की हुई थी हत्या

यह वीडियो ऐसे समय में आया है जब हाल ही में नूपुर शर्मा का पैगंबर मोहम्मद को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद उनका समर्थन करने को लेकर राजस्थान के उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल की हत्या कर दी गई थी. इस हत्या की साजिश गौस मोहम्मद और रियाज़ मोहम्मद ने 17 जून को ही रच दी थी. ऐसे में नूपुर शर्मा की हत्या को लेकर जारी किए गए वीडियो से पूरे अजमेर में हड़कंप मचा हुआ है।

## वेतन में 66प्रतिशत वृद्धि के बावजूद दिल्ली के विधायक सबसे कम वेतन पाने वाले विधायकों में शामिल: आंकड़े

मरूधर आईना

**नई दिल्ली।**

दिल्ली विधानसभा में विधायकों के वेतन एवं भत्तों में 66 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि से संबंधित विधेयक के पारित होने के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी के विधायकों को तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के विधायकों से कम वेतन मिलेगा और वे संभवतः देश में अब भी सबसे कम वेतन पाने वाले विधायकों में शामिल हैं। दिल्ली में प्रत्येक विधायक को वेतन एवं भत्तों के रूप में फिलहाल 54,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं, जो वेतन वृद्धि संबंधी विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बढ़कर हर महीने 90,000 रुपये हो जाएंगे।

दिल्ली विधानसभा में मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचेतक, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के वेतन-भत्तों में



वृद्धि से संबंधित पांच अलग-अलग विधेयक सोमवार को पारित किए गए। इन्हें अब राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के प्रत्येक विधायक को फिलहाल 12,000 रुपये प्रति माह वेतन मिलता है, जो राष्ट्रपति के विधेयक पर दस्तखत करने के बाद बढ़कर 30,000 रुपये हो जाएगा।

वहीं, निर्वाचन क्षेत्र भत्ता 18,000 रुपये से बढ़कर 25,000 रुपये, जबकि वाहन भत्ता 6,000 रुपये से बढ़कर 10,000 रुपये पर पहुंच जाएगा। इसी तरह, टेलीफोन भत्ता 8,000 रुपये की जगह 10,000 रुपये मिलने लगेगा, जबकि सचिवालय भत्ता 10000 रुपये से बढ़कर 15000 रुपये हो जाएगा। एक गैर-लाभकारी संगठन 'पीआरएस लेजिस्लेटिव' के आंकड़ों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश के विधायकों को प्रति माह 55,000 रुपये वेतन मिलता है, जबकि उनका निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, दैनिक भत्ता, सचिव भत्ता, टेलीफोन भत्ता क्रमशः 90,000 रुपये, 1,800 रुपये, 30,000 रुपये और 15,000 रुपये है।

केंद्र के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट पहुंचा ट्विटर

# कंपनी बोली- अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक नहीं लगा सकते

### आईटी मिनिस्टर बोले- सोशल मीडिया को जिम्मेदार बनाएंगे

मरूधर आईना

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार के कुछ आदेशों को सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर ने कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ट्विटर का आरोप है कि कुछ अफसर कानून का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। लिहाजा, कुछ रूल्स का ज्यूडिशियल रिव्यू होना चाहिए। कंपनी ने इसके लिए कोर्ट में अपील की है। दूसरी तरफ, आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अकाउंटेबल बनाया जाएगा। आईटी मिनिस्ट्री ने कुछ दिन पहले ट्विटर को वॉर्निंग दी थी। इसमें कहा था कि अगर वो आदेशों का पालन नहीं करती तो उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है।

ट्विटर के कोर्ट जाने के मामले में वैष्णव का बयान भी आया। कहा-




देश में चाहे कोई भी कंपनी हो, किसी भी सेक्टर से हो, उन्हें भारत के कानून का पालन करना चाहिए। कानून का पालन सभी की जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया को कैसे जवाबदेह बनाया जाए, इस पर तेजी से काम चल रहा है। इसे जवाबदेह ठहराना जरुरी है। इसके लिए तीन स्तरों पर काम होना चाहिए। पहला- सेल्फ रेगुलेशन, दूसरा- इंडस्ट्री रेगुलेशन और गवर्नमेंट रेगुलेशन।

### फेक न्यूज फैलाने वालों से सरकार परेशान

केंद्र का मानना है कि सोशल मीडिया के जरिए से कुछ लोग अपना एजेंडा सेट कर रहे हैं और अफवाहें फैला रहे हैं। सरकार ने ट्विटर से कहा था कि वो ऐसे लोगों के खिलाफ एक्शन ले।

ट्विटर से खालिस्तान समर्थक के अकाउंट के खिलाफ एक्शन के आदेश दिए थे। किसान आंदोलन से जुड़ी झूठी सूचनाएं फैलाने वालों के अकाउंट बंद करने के आदेश दिए थे। कोरोना महामारी से निपटने को लेकर सरकार की आलोचना करने वाले ट्वीट्स पर भी कार्रवाई के आदेश दिए थे। ट्विटर सहित कई सोशल मीडिया कंपनियों ने सरकार के कंटेंट हटाने के अनुरोध पर कार्रवाई नहीं की। आईटी मिनिस्ट्री ने ट्विटर को चेतावनी देते हुए आदेशों का पालन न करने के लिए आपराधिक मामला दर्ज करने की बात कही थी।

# उम्मेदाबाद में मोहल्ले से बाहर निकलना भी दूभर नजरअंदाजी ही से बढ़ रही है समस्या जिम्मेदार लापरवाह आमजन परेशान

मरूधर आईना

**रमेश कुमार उम्मेदाबाद /** कस्बे में दिनों सड़क बद्हाल हैं सार्वजनिक निर्माण विभाग ग्राम पंचायत प्रशासन में सामजरय नहीं होने से सड़कों पर कीचड़ पसर रहा है उम्मेदाबाद के धोरा रोड पर बडे बडे गड्ढे पडे है व अंबेडकर सर्कल धोरा ढाणी रोड की दुर्दशा यह बया कर रही है गत दिनों में मामूली सी बरसात के बाद यहां मेन बस स्टैंड पर पिछले कई वर्षों से 5 दिनों से कीचड़ में पसर रहा है गड्ढो में बरसात का पानी भर जाने से यह पर दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं रात के समय तो यहां से गुजर ना किसी की चुनौती से कम नहीं है हैरानी की बात तो यह है कि इतना कुछ होने के बाद भी ग्राम पंचायत व प्रशासन सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी मुक दर्शक बने हुए हैं किचड के चलते हुए यहां से दुकानदारों को को बाजार में आवाजाही करना एक चुनौती बना हुआ है दरअसल ग्राम पंचायत प्रशासन ने 5 साल पूर्व घटिया



सामग्री डालने से रोड़ बडे बडे गड्ढे पड्ने से निर्माण करवाया नाले का ढक्कन सही नहीं होने से नाला पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है बरसात के दिनों में नाले का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है गड्ढो में बरसात का पानी जमा होने से वाहन चालको को गड्ढे में नहीं देख पाते हैं एवं जैसे हो जाते हैं यहां के बाशिंदों का कहना है कि सड़क पर पानी जमा होने से धोरा ढाणी रोड जाने वाले मार्ग पर कॉलोनियों के बांशिदो का बाजार मे बरसात का पानी भर जाता है घर से बाहर निकलने भी समस्या हो गई हैं बच्चों व बुजुर्गो को यहां से गुजरने में भारी दिक्कत उठानी पड़ रही हैं सालों से इस समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है इनका कहना है जो मेन बाजार में बारिश होती है तो लोगों को आने जाने की भारी समस्या का समाधान करना पड़ रहा है इधर उधर रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से बरसाती पानी कीचड़ हो रहा है ग्रामीण राजू प्रजापत उम्मेदाबाद इनका कहना है अंबेडकर सर्कल से धोरा ढाणी रोड जाने वाले मुख्य मार्ग पर कई वर्षों से पानी का भराव होने से लोगों को विद्यालय बच्चे को महिला दो पहिया वाहन चालक भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रशासन व अधिकारी जनप्रतिनिधि इससे और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

## पूर्व विधायक कटारा भारतीय ट्राइबल पार्टी राजस्थान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ता में खुशी की लहर

मरूधर आईना

भारतीय ट्राइबल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश भाई वसावा ने क्क्षक्क प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पूर्व विधायक देवेंद्र कटारा को भारतीय ट्राइबल पार्टी राजस्थान के प्रदेश कार्यकारी



अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने पर भारतीय ट्राइबल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश भाई वसावा का भारतीय ट्राइबल टाइगर सेना राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने आभार वक्त किया और नए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र कटारा साहब को भारतीय ट्राइबल टाइगर सेना के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार कटारा झालावाड़, प्रदेश उपाध्यक्ष नगसा भील बाहला, अमोलख सोमाणी बुठ,देवाराम बुड़ीवाडा बीटीटीएस जिला बाड़मेर,भगाराम खिरोडी जालोर, किशनराज भील जैसलमेर,भावेश रायपुरिया जिला अध्यक्ष जालोर,गोरख राज जिला अध्यक्ष जैसलमेर, विनेश राणा, प्रभुलाल जिला अध्यक्ष राजसमंद, किशनलाल भील आसोतरा,विद्यासागर भील बीटीटीएस जिला अध्यक्ष उदयपुर, रामचंद नायक चुरू,पंकज डामोर बीटीटीएस जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, बाबूलाल जिला अध्यक्ष झालावाड़, शिव प्रकाश जिला अध्यक्ष बारां, एडवोकेट सुरेश कुमार पाली, नारायण निनामा बीटीटीएस जिला अध्यक्ष बांसवाड़ा,राजेंद्र कुमार बीटीटीएस जिला अध्यक्ष कोटा, सेतान भील जिला अध्यक्ष पाली, भावेश भील पूंजाबेरी,रमेश नाथ बीकानेर, पंकज नायक नागौर,रतन राणा सिरोही, लालचंद नायक हनुमानगढ़,बबलू राणा जोधपुर, सहित पूरे राजस्थान के बीटीटीएस के कार्यकर्ताओं ने बधाइयां प्रेषित कर शुभ कामनाएं दी।

## नगरीय निकाय मंदसौर एवं नगरी में 6 जुलाई को 164 मतदान केंद्रों से 1 लाख 27 हजार 874 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

मरूधर आईना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी /**
मंदसौर नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के अंतर्गत पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए 164 मतदान केंद्रों से 127874 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान संपन्न कराने के लिए 164 मतदान दल सुबह अपने अपने सेक्टर के मतदान केंद्रों में रवाना हुए हैं। इस कार्य में



10त्न मतदान दल रिजर्व में रखा गया है। इसके लिए 18 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पहले चरण में नगर पालिका मंदसौर के 40 वार्डो के लिए चुनाव होगा। इसके लिए 149 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 122235 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इन मतदान केंद्रों में 38 संवेदनशील, 5 अति संवेदनशील तथा 106 सामान्य मतदान केंद्र बनाए गए है। 149 मतदान केंद्रों के लिए 15 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नगर परिषद नगरी के 15 वार्डो के लिए चुनाव होगा। इसके लिए 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 5 हजार 639 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इन मतदान केंद्रों में 2 संवेदनशील तथा 13 सामान्य मतदान केंद्र बनाए गए है। 15 मतदान केंद्रों के लिए 3 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर 6 जुलाई को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान चलेगा। शाम 3 बजे जिन मतदाताओं को मतदान करने के लिए पर्ची प्राप्त हो जाएगी, वे लोग देर तक मतदान कर सकेंगे।

## फुलेरा की बेटी ने अमेरिका में दिखाया सांस्कृतिक जलवा



मरूधर आईना

**कानाराम प्रजापति/ फुलेरा(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के राजस्व ग्राम श्याम नगर स्कूल की ढाणी की लाडो बिटिया वैशाली सुरोलिया पुत्री चेतन सुरोलिया ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के द्वारा अमेरिका में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अमेरिका से वतन वापसी पर बिटिया का क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया। वैशाली ने बताया की अमेरिका में विभिन्न स्थानों पर उसने पार्टिसिपेट किया। इस मौके पर वार्ड पंच हेमराज कुमावत, समाज सेवी मूलचंद सुरोलिया,पवन कुमार, हरिमोहन शर्मा, जगदीश शर्मा, जगदीश सुरोलिया, रवि सुरोलिया, इन्द्र चंद बड़ीवाल, ओमप्रकाश शर्मा, कमलेश चौधरी, योगेश कुमार, राजेश कुमावत, टीना बड़ीवाल, रितिका सोनी, निकिता कुमावत, माधवी कुमावत सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहें।

## मारपीट और गाली गलौज , प्रकरण दर्ज

**मंदसौर बंशीदास बैरागी /** मंदसौर पुलिस ने मारपीट और गाली गलौज के मामलों में केस दर्ज किए है । वायडी नगर पुलिस ने बताया कि कौशल्या पिता मोतीलाल निवासी डोडियामीणा के साथ सूरज पिता ईश्वर बावरी , पिता ईश्वर बावरी निवासी डोडियामीणा सहित एक अन्य ने मारपीट कर गाली गलौज की । भावगढ पुलिस ने बताया कि श्यामलाल पिता अमृतराम निवासी देहरी क क्कसाथ कंवरलाल पिता अमृतराम , संतोष पिता कंवरलाल और कन्हैयालाल पिता कंवरलाल निवासी देहरी ने मारपीट कर गाली गलौज की । ग्राम नंदावता में अशोक पिता बालाराम पाटीदार के साथ अनोखीलाल पिता सुरेश पाटीदार , मनसुखलाल पिता शंकरलाल पाटीदार और सुनील पिता मनसुखलाल पाटीदार निवासी नंदावता ने मारपीट कर गाली गलौज की ।

# छोटा प्रयास बड़ा उद्देश्य सरकारी स्कूल में खुला निशुल्क स्टेशनरी बैंक

**वरिष्ठ अध्यापक मतलब खान की अनूठी पहल अब असाय निशक्तजन गरीब जरूरतमंद को निशुल्क शिक्षण सामग्री मिलेगी खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी नरेंद्र सेन सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत फतेहगढ़**

मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया**
राजकीय विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के साथ ही ड्रॉपआउट रोकने में मददगार साबित होगी स्टेशनरी बैंक महंत जोगपुरी महाराज केसर नाथ मठ फतेहगढ़ मन में कुछ नया कर गुजरने की तमन्ना हो तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है कई बार एक छोटा सा दिखाई देने वाला काम भी समाज को बड़ी प्रेरणा दे सकता है फतेहगढ़ में स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क स्टेशनरी बैंक की स्थापना ऐसा ही छोटा सा प्रयास है लेकिन इसके पीछे उद्देश्य बड़ा है स्टेशनरी बैंक का शुभारंभ पर मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि फतेहगढ़ नरेंद्र सेन ने बताया कि विद्यालय परिवार के लिए भामाशाह एवं जुझारू शिक्षक वरिष्ठ अध्यापक मतलब खान जो कि राजकीय उच्च माध्यमिक



विद्यालय रीवडी में कार्यरत है के द्वारा विद्यालय में निःशुल्क स्टेशनरी बैंक की स्थापना की पहल की है जो कि बहुत ही सराहनीय कदम है ऐसी बैंक जिले में नगण्य है फतेहगढ उपखण्ड क्षेत्र मे स्थापित होने वाली पहली बैंक है उद्घाटन के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि फतेहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सेन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिले में भामाशाह एवं वरिष्ठ अध्यापक मतलब खान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीवडी ने शिक्षण सामग्री भेंट कर अनुकरणीय कार्य किया है सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सेन ने बताया कि शिक्षक मतलब खान ने अनूठा प्रयोग करते हुए निःशुल्क स्टेशनरी बैंक जोकि विद्यालय में लगाया है इसकी शुरू होने से स्कूल में पढ़ने वाले किसी भी जरूरतमंद असहाय तथा गरीब बच्चों को स्टेशनरी खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ,स्टेशनरी बैंक खोलने का प्रयास ,भले ही छोटा हो परंतु इसके पीछे भावना एवं उद्देश्य बड़ा है, असाय ,अनाथ ,गरीब एवं दिव्यांगजन जैसे विद्यार्थियों को किताबें ,पेन ,पेंसिल, शार्पनर, यूनिफार्म ,बैग जैसी आधारभूत वस्तुएं निशुल्क उपलब्ध करवाकर शिक्षा में जोड़ रखना है इस अवसर पर केसर नाथ मठ के महंत जोगपुरी जी महाराज ने कहा कि हमारे क्षेत्र में इस तरह की बैंक स्थापना करके शिक्षक साथी ने बहुत ही अनुकरणीय कार्य किया है अब स्टेशनरी के अभाव में किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित नहीं होगी प्रधानाध्यापिका मनीषा भील ने बताया कि उनके प्रयासों से सरपंच थाना राम जी द्वारा कटीली झाड़ियों की कटाई के साथ ही 15 से अधिक अल्पसंख्यक बालिकाओं का नव प्रवेश बालिका विद्यालय में दिलवाया, साथ ही विद्यालय में निःशुल्क स्टेशनरी बैंक की स्थापना की है ।

## आरएलपी के मीडिया प्रभारी और सह मीडिया प्रभारी के जन्मदिन पर औ गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर मनाया

मरूधर आईना

**तिलोकाराम दर्जी भेडाणा गुड़ामालानी।** क्षेत्र के रामजी का गौल के निवासी राणाराम बैरङ और बोर निवासी मोहनलाल आसु ने अनूठी पहल करते हुए पर्यावरण प्रेमी के साथ घर पर गायों की सेवा भी करने का संकल्प लिया साथ ही राणाराम बैरङ और मोहनलाल आसु ने नशा मुक्ति का भी संदेश दिया,वही पर्यावरण प्रेमी और समाज सेवी राणाराम बैरङ का कहना है कि युवा अपने जन्मदिवस पर केक काटना छोड़ों पौधे लगाएं गौशाला में जाकर सेवा करें,खासकर में युवाओं को संदेश देना चाहूंगा की आप नशे से दूर रहते हुए विदेशी परंपरा को छोड़कर अपनी ही परंपरा का निर्वाह करें जिससे पर्यावरण भी बचेगा हम भी सुकून से रह पाएंगे, आरएलपी अध्यक्ष ताजाराम सियाग ने कहा की मीडिया प्रभारी ने अपने जन्मदिवस पर पौधे लगाकर लगाकर अनूठी पहल की



है जो सराहनीय है मैं युवाओं से आवान करता हूं कि यह कारवां रुकना नहीं चाहिए पर्यावरण के प्रति के प्रति सजग नागरिक की भूमिका निभाते हुए इस महान कार्य को करें,बालाराम जाणी, वालाराम गोदारा और ग्रामीण मोहनलाल बैरङ का कहना है कि हमने पौधे लगाने के प्रति जुनून वह महौल गाँव में पहली बार देखा है राणाराम बैरङ ने जन्मदिवस पर एक अच्छी पहल करते हुए जो 11पौधे लगाकर मिसाल कायम की है, इस दौरान लाधुराम बागडवा ,हरीश बैरङ ,किशन सियोल ,मोहनलाल बैरङ ,सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहें

# रमणिया की अंकिता राजपुरोहित ने दसवीं बोर्ड में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार व समाज का नाम रोशन किया

मरूधर आईना

**भरतसिंह राजपुरोहित अगवरी ।** सिवाना - सरकारी परीक्षा निदेशालय (डीजीई) तेलगाना ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट गुरूवार 30 जून को सुबह 11ः30 बजे राज्य की शिक्षा मंत्री सबिता इंद्र रेड्डी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से घोषित किया। स्टूडेंट हाई स्कूल हैदराबाद की छात्रा अंकिता राजपुरोहित ने तेलगाना में दसवीं बोर्ड में 98त्न अंक हासिल कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया। अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, बड़ी बहन व गुरुजनों को दिया। पिता रूप



सिंह को अपनी बेटी पर नाज हैं। वे कहते है कि बेटियों का आज हैं, यह अंकिता ने साबित कर दिया है । रमणीया निवासी अंकिता की मां गृहणी है। परिवार में दो भाई तीन बहने हैं।

**चाहत आईएएस की**

प्रत्येक बच्चे का एक उद्देश्य (लक्ष्य) होता है और वो उसे पाना चाहता है। इसी तरह से, मैं एक आई.ए.एस. अधिकारी बनना चाहती हूँ। एक दिन मैं आई.ए.एस. बनूंगी क्योंकि इसके लिए मैं दृढ़ संकल्प के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूँ।

**इन्होंने दी बधाई**

राजू सिंह राजपुरोहित लुदराडा कैलाश सिंह राजपुरोहित विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ विधानसभा अध्यक्ष सिवाना, गणपत सिंह, विक्रम सिंह, पवन सिंह, आरती राजपुरोहित, नरपत सिंह, पूजा राजपुरोहित, कविता राजपुरोहित, पूजा राजपुरोहित रमणिया चंदू राजपुरोहित सहित परिवारजनों व ग्रामीणों ने सोशल मीडिया व फोन के माध्यम से बधाई व शुभकामनाएं दी।

**इनका कहना है**

पढ़ने की उम्र में पढाई पर ध्यान दें। सफलता उसी को मिलती है जो उसको हासिल करने के लिए पूरी मेहनत करता है। पढाई के ये दिन आने वाली पूरी जिंदगी के लिए नींव हैं। खुद पर यकीन करने के साथ मार्गदर्शन के लिए अपने परिवार के सदस्यों के साथ बैठे।

**अंकिता राजपुरोहित**
**रमणीया**

## सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम हेतु जन जागृति



मरूधर आईना

**(प्रेम सिंह सिसोदिया )**
आमेट हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला राजसमंद के तत्वाधान में स्थानीय संघ आमेट की यूनिट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढेलाणा के स्काउट्स एंड गाइड्स ने गाइडर संजू शर्मा के सानिध्य में ग्राम के मुख्य मार्ग पर सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम हेतु जन जागृति अभियान चलाया । ॥स्त्र के जिला संयुक्त सचिव मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण एवं पशुओं के लिए घातक साबित हो रहा है। जगह-जगह प्लास्टिक की वजह से नालियां अवरुद्ध हो रही है। स्थानीय संघ की सचिव संजू शर्मा ने कपड़ों से बने थैले का उपयोग करने की बात कही, तथा हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स को कपड़े के थैले वितरण कर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रेमचंद सालवी ने स्काउट्स एंड गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप 250 ग्राम का मोबाइल एवं 350 ग्राम का पावर बैंक अपनी पॉकेट में लेकर निकल सकते हैं तो 30 ग्राम के कपड़े का थैला भी आप अपने पास रख कर इस अभियान को सफल बना सकते हैं। प्लास्टिक छोड़िए , ÷साथ में लाए थैला ,ना करें अपने देश को मैला÷। इस अभियान को सफल बनाने में गजराज सिंह चारण, जगदीश सिंह चुंडावत, रामचंद्र जाट, ममता सालवी, ममता रेगर, एसडीएमसी सदस्य भेरु लाल कुमावत, लक्ष्मी देवी कुमावत, ललित ,राजू, कमलेश ,नारायण सिंह सोलंकी, गोपी लाल कुमावत, हीरा लाल कुमावत,प्रेम देवी कुमावत, मोहनी देवी, रवीना सुथार, आशा कुमावत के साथ स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरकारी अस्पताल बांट रहा एक्सपायरी दवाईः जून महीने में एक्सपायर हो गया ओआरएस पाउडर मरीज को दिया

मरूधर आईना

जैसलमेर /राकेश दहिया
जैसलमेर- जैसलमेर के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल में इन दिनों मरीजों को एक्सपायरी दवाइयां दी जा रही है। जवाहिर हॉस्पिटल के निशुल्क दवा काउंटर



पर एक्सपायर ओआरएस का पाउडर दिया जा रहा है। मरीजों के परिजनों ने इसका एक वीडियो भी बनाया। वहीं अधिकारियों ने इस बारे जानकारी नहीं होना बताया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो दवा काउंटर वालों पर कार्रवाई करेंगे। जैसलमेर के जवाहिर अस्पताल में जुलाई 2020 में बनाया हुआ और जून 2022 में एक्सपायर लिखा हुआ ओआरएस पाउडर निशुल्क दवा काउंटर पर मरीजों को दिया जा रहा था। मंगलवार को लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने दवा काउंटर वालों को इस बारे में बताया लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं मानी। तब कुछ जागरूक लोगों ने इसका वीडियो बनाया। वीडियो सामने आने के बाद दवा काउंटर वालों ने ओआरएस पाउडर को कार्टन में पैक करके कोने में रख दिया। जिला औषधी भंडार के प्रभारी डॉ. बीएल बुनकर ने कहा कि यदि ऐसा है तो तुरंत उस पर रोक लगाकर दवा काउंटर वालों पर कार्रवाई करेंगे। हालांकि उन्होंने बताया कि ओआरएस के पाउडर को यदि किसी ने पिया भी है तो वो नुकसानदायक नहीं होगा।

## पिता-पुत्र ट्रैक्टर के नीचे दबे, एक की मौतः PM आवास बनाने के लिए ले जा रहे ईटें, घर से 400 फीट पहले हुआ हादसा

मरूधर आईना

**गुड़ामालानी/भावेश भील पूंजाबेरी/** बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थानान्तर्गत डीबडी गांव के पास ईटों से भरा ट्रैक्टर-ट्रोली ढलान में अनियंत्रित होकर पलट गया। घर से महज 400 फिट दूर हादसा हुआ। ट्रैक्टर पर सवार पिता व पुत्र दोनों घायल हो गए। दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद सांचौर रेफर कर दिया गया है। रास्ते में पिता ने दम तोड़ दिया। पीएम आवास का मकान बनाने के लिए ईंट लेकर जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार बांटा गांव निवासी आदूराम (48) पुत्र मगाराम अपने बेटे हड़मतराम (25) मंगलवार को गुड़ामालानी से ट्रैक्टर-ट्रोली में ईटे भरकर अपने गांव जा रहे थे। इस डीबडी गांव के पास ढलान ज्यादा होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रोली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हो



गए। गांव के लोगों ने भागकर पिता व बेटे को निकालकर गुड़ामालानी अस्पताल लेकर गए। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को सांचौर रेफर कर दिया। पिता ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। एएसआई सोनाराम के मुताबिक ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली पलटने से पिता की मौत हो गई। वहीं, बेटे का इलाज सांचौर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, घटना स्थल का मौका मुआयना कर दिया है। जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक घायल आदूराम के परिवार को प्रधानमंत्री आवास स्कीम के तहत आवास बना रहा था।

## मन्दसौर हुआ गौरान्वित ,गरोठ में पदस्थ एसडीओपी सोनू परमार ने UPSC में हुआ चयन

मरूधर आईना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी**
मन्दसौर पुलिस विभाग एक बार फिर गौरान्वित हुआ है मन्दसौर जिले के गरोठ में पदस्थ एसडीओपी सोनू परमार का UPSC में चयन हुआ है उन्हें 501 रेंक प्राप्त हुई है पुलिस में डीएसपी के पद पर पदस्थ सोनू परमार ने भी यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली है. यहां तक के सफर में उन्होंने लगातार मेहनत की और



अपने कर्तव्य के साथ-साथ परिवार और सामाजिक जिम्मेदारी को भी सफलतापूर्वक निभाया. डीएसपी सोनू परमार ने कहा कि उनका सपना साकार हो गया है!

# एटीएम में लगी आग, जलकर हुआ राख:शॉर्ट सर्किट से लगी ATM में आग, आंधे घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

मरूधर आईना

बाड़मेर/भावेश भील पूंजाबेरी/बाड़मेर मगरा बीएसएफ बटालियन 13 जालीपा केंट के सामने लगे एसबीआई के एटीएम रात को



अचानक आग लग गई। इससे एटीएम पूरी तरह से जल कर राख हो गया। सूचना फायर बिग्रेड व ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची। आंधे घंटे की मशक्कत के बाद बीएसएफ, आर्मी व फायरबिग्रेड ने आग पर काबू पाया। एटीएम में केस कितना है इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है।

मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार रात 8~30 बीएसएफ बटालियन 13 जालीपा केंट के सामने लगे एसबीआई के एटीएम में अचानक आग लग गई। धुआं व लपटे उठती देख बीएसएफ के जवान बुझाने के लिए दौड़े। इसके बाद नगर परिषद व नागरिक सुरक्षा की फायर ब्रिगेड भी मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंची। बीएसएफ, आर्मी व फायरब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के प्रयास किए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन एटीएम पूरी से जल गया।

एटीएम के बाहर की बॉडी पूरी तरह से जल गई है। एटीएम में केस कितना था इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सूचना पर ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रात 9 बजे एसबीआई मैनेजर मौके पर पहुंचे। एएसआई मगाराम के मुताबिक प्रारंभिक जांच में एसबीआई के एटीएम में शॉर्ट-सर्किट से आग लगी है।

### दो दिन से बंद था एटीएम

एटीएम बीते दो दिनों से बताया जा रहा है। अब एटीएम में कितने रुपए थे, ये संबंधित एजेंसी से पता किया जा रहा है। एटीएम बंद होने के बावजूद काफी मात्रा में रुपए होने की बात सामने आ रही है।

# शिल्प कला एवं माटी बोर्ड उपाध्यक्ष डूंगर राम गेदर आहोर आगमन पर किया भव्य स्वागत

मरूधर आईना

आहोर/ विक्रमसिंह पचानवा/ युवा प्रजापति



विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह पांच पट्टी गोदन में आयोजित समाज के प्रतिभाओं को मनोबल बढ़ाने हेतु समारोह शामिल होने बाबत आहोर जोधपुर चौराया पर मांगीलाल प्रजापत जिला परिषद सदस्य के नेतृत्व में आहोर उप प्रधान अमृत लाल प्रजापत ने साफा पहनाकर बहुमान किया गया। इस दौरान सूजाराम प्रजापत सरपंच,कानाराम सिंघल जिलाध्यक्ष उपभोक्ता कांग्रेस जालोर,सुरेश प्रजापत प्रत्याशी सदस्य पंचायत समिति, हेमाराम प्रजापत, खंगार राम प्रजापत, वागाराम प्रजापत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भागवत कथा का कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

मरूधर आईना

**( माणकमल भंडारी ) भीनमाल ।** शहर के सुप्रसिद्ध वाराहश्याम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा-ज्ञान यज्ञ का आयोजन 9 से 15 जुलाई तक किया जाएगा। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि कृष्णा हॉस्पिटल के सौजन्य से आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का वाचन ब्रिज कोकिला आचार्य निर्मला के मुखारविंद से होगा । कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से किया जायेगा । कलश यात्रा वाराहश्याम मंदिर से लक्ष्मी मंदिर, खारी रोड, माघ चौक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। जिसके बाद 16 जुलाई को सभी श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर शहर वासियों में उत्साह नजर आ रहा है। वहीं कार्यक्रम को लेकर मंदिर ट्रस्ट द्वारा तैयारियां जोरों पर चल रही है।

# ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गुरुवार को बाड़मेर आएंगे

मरूधर आईना

**बाड़मेर।भावेश भील पूंजाबेरी/** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द मीणा एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को बाड़मेर आएंगे। इस दौरान मीणा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द मीणा बुधवार रात्रि 9 बजे रेल से प्रस्थान कर गुरुवार सुबह 6~25 बजे बाड़मेर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे द्य इसके उपरांत बाड़मेर जिला मुख्यालय पर 7 जुलाई को प्रातः 11 बजे ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत सामग्री मदमों सर्वाधिक भुगतान बकाया वाली 3-4 ग्राम पंचायतों की निरीक्षण रिपोर्ट भी संबंधित राज्य एवं जिला स्तरीय दल उनके समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिश्नोई ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सूचनाओं के साथ निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं द्य इसके उपरांत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री मीणा का गुरुवार शाम 4 बजे सड़क मार्ग से नागौर के लिए प्रस्थान करने का कार्यक्रम निर्धारित है ।

# भाजपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापनः उदयपुर हत्याकांड की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग, हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए

मरूधर आईना

**बालोतरा/भावेश भील पूंजाबेरी/** बालोतरा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा उदयपुर में दिनदहाड़े जघन्य हत्या के विरोध में राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

भाजपा मंडल महामंत्री कमलेश ढेलरिया ने बताया कि राजस्थान के कई जिलों में पिछले महीनों में कट्टरपंथियों द्वारा कई जगह घटनाएं की गई है। हाल ही में उदयपुर में कन्हैया लाल को 7 दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। लेकिन राजस्थान की राज्य सरकार तुष्टीकरण की नीति के कारण उनको कोई तरह की सुरक्षा मुहैया नहीं करवाई गई। उसका परिणाम यह हुआ की कन्हैया लाल की कट्टरपंथियों द्वारा दुकान में घुसकर हत्या कर दी गई।

### सीबीआई जांच कराने की मांग



ऐसे में हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए। जिससे आने वाले समय में कोई भी कट्टरपंथी ऐसी हिम्मत ना कर सके। साथ ही भाजपा ने राजस्थान की गहलोत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने और उदयपुर हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाए जाने की मांग की। मृतक परिवार के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश बी चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोविंद सिंह कालूड़ी, नगर परिषद सभापति सुमित्रा देवी जैन,नगर मंडल अध्यक्ष अमराराम सुंदेशा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह करनोत,भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष तगाराम मेघवाल, पारसमल भंडारी, भवानीसिंह टापरा, हरिसिंह उमरलाई,सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जैसलमेर-वरिष्ठ पत्रकार रोहित रंजन पर छत्तीसगढ़ पुलिस की दमनकारी नीति के खिलाफ पत्रकारो में रोष

## जैसलमेर आईएफडब्ल्यूजे जिला इकाई ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया**

जैसलमेर-देश में इन दिनों स्वत्रन्त्र और निर्भीक पत्रकारिता को कानून का सहारा लेकर दबाने की कोशिश लगातार जारी है .. आज ही जी मीडिया के एंकर रोहित रंजन की गिरफ्तारी के जिस तरह प्रयास हुए उससे समस्त पत्रकार जगत में रोष व्याप्त है ..

देश में संविधान का राज है और उसके तहत किसी भी गलती के लिए गिरफ्तारी से पहले एक तय कानूनी प्रक्रिया है जिसका



पालन किया जाना बेहद जरुरी है .. लेकिन पत्रकार रोहित रंजन की गिरफ्तारी के लिए उनके घर पहुची छत्तीसगढ़ पुलिस किसी एक विचारधारा को संरक्षण देने की नियत से बिना विधिक प्रक्रिया का पालन किए उन्हें गिरफ्तार कर ले जाना चाहती है। इस कड़ी में आज इंडियन फेडरेशन वर्किंग ऑफ जर्नलिस्ट की जैसलमेर इकाई ने जिलाध्यक्ष गणपत दैया के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले भी राष्ट्रीय न्यूज चेनल के एंकर अमिश देवगन और अमन चौपड़ा के खिलाफ भी इसी तरह की कार्यवाही की गई थी।

माननीय राष्ट्रपति महोदय यह सीधा सीधा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमले की कोशिश है .. अतः इंडियन फैडरेशन और वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) की राजस्थान प्रदेश इकाई आपसे आग्रह करती है कि इस मामले में आप दखल दें और स्वतंत्र और निर्भीक पत्रकारिता को अपना संरक्षण प्रदान करें। ज्ञापन सौपने में श्रीकांत व्यास,मानसिंह देवड़ा,शंकरदान देता,धर्मेंद्र प्रजापत,तनेराव सिंह व जगदीश गोस्वामी मौजूद रहे।

# मोबाइल लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



मरूधर आईना

**मोदरान। जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान** जसवंतपुरा कस्बे के निकटवर्ती कलापुरा गांव निवासी हरीश कुमार पुरोहित शिक्षक का कुछ दिन पुर्व घर से विद्यालय जाते समय कलापुरा-गोलाणा के बीच मोटरसाइकिल से मोबाइल गिर गया था। इसके बाद शिक्षक ने काफी खोजबीन भी की लेकिन मोबाईल नही मिला। इसके बाद गोलाणा निवासी रणजीत सिंह पुत्र सरदारसिंह देवड़ा (राजपूत) को राह चलते बीच मार्ग में मोबाइल पड़ा मिला। इसके बाद रणजीतसिंह ने मोबाइल मालिक का पता किया तो शिक्षक हरीश पुरोहित का होना पाया गया। जिस पर सरपंच गोविंद लोहार, रामसिंह देवड़ा गोलाणा, पंचायत समिति सदस्य मुकाराम पुरोहित, दिनेश कुमार पुरोहित कलापुरा, दिनेश कुमार आर. पुरोहित, गौभक्त शंकरलाल प्रजापति, मुकेश कुमार प्रजापति की उपस्थिति में हाथों-हाथ मोबाइल मालिक को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। उपस्थित सभी लोगों ने रणजीतसिंह की ईमानदारी पर धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षक हरीश पुरोहित ने बताया कि देश ईमानदारी आज भी जिंदा हैं जो आज ऱणजीत सिंह ने मुझे मोबाइल लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया।

# पुलिस को देखे भागे बदमाश, घेरा डाल पकड़े 4 आरोपीः बड़ा क्राइम करने की फिराक में थे बदमाश

मरूधर आईना

**बाड़मेर/भावेश भील पूंजाबेरी/** बाड़मेर जिले की बालोतरा पुलिस ने शहर में बीते दिनों युवक पर फायरिंग कर फरार होने वाले मुख्य आरोपी सहित 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगे और पुलिस ने घेर डालकर कर चारों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी बड़ा क्राइम करने की फिराक में थे। पुलिस के अनुसार 3 जून की रात को पुरखाराम मय पुलिस की टीम माजीसा कॉलोनी में मानव पुत्र मनोहरलाल वाल्मीकि के घर के आगे पहुंचे। पुलिस वाहन व जाब्ता को देखकर घर में से 4 युवक चिल्लाते मोहल्ले के लोगों को बुलाते हुए भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा घेरा डालकर राकेश (29) पुत्र डायाराम, प्रवीण उर्फ मेवा (25) पुत्र डायाराम, मनमीत उर्फ मीत (21) पुत्र मनोहरलाल, विक्रम (28) पुत्र मोहनलाल जाति वाल्मिकी को पकड़ कर थाने ले गए। बालोतरा थानाधिकारी बाबुलाल के मुताबिक आरोपी राकेश 7, मनमीत उर्फ मीत 4, प्रवीण उर्फ मेवा 3 प्रकरणों में वांछित चल रहे थे। चारों आरोपी बदमाश प्रवृति के है। लंबे समय से वांछित होने तथा पुलिस पार्टी से उलझने व कोई बड़ा अपराध कारित करने की फिराक में होने से चारों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी बदमाश प्रवृति के पुलिस के अनुसार चारों आरोपी झगड़ालू प्रवृति के आरोपी है तथा आरोपियों ने अपनी गैंग बना रखी है। गैंग का लीडर राकेश है इसको पकड़ने के लिए बीते दिनों पुलिस टीम द्वारा घर पर दबिश दी थी।

# सूखे पानी के हौद में गिरा कोबरा सांप, 2 दिन बाद कोबरा को गांव वालों ने लकड़ी के सहारे किया रेस्क्यू

**जैसलमेर /राकेश दहिया**

**जैसलमेर-** खेत में बने टांके में गिरा कोबरा 2 दिन बाद बाहर निकाला गया। बरसात में खेत मालिक ने होद चैक किया तो, काले रंग का कोबरा नजर आया। किसान ने होद में एक लकड़ी रख दी। मंगलवार को सांप निकलकर जंगल की तरफ चला गया। जैसलमेर के भणियाणा के दांतल गांव के किसान मेहताब सिंह ने बताया कि उनके भाई तेज सिंह के खेत में बने पानी के सूखे टांके में कोबरा सांप गिर गया। हमने वन विभाग को सूचना दी मगर उनके पास रेस्क्यू टीम नहीं होने कि बात कही गई। तब हमने अपने ही लेवल पर प्रयास शुरू किए। उन्होंने बताया कि सूखे पानी के हौद में जाने को कोई तैयार नहीं हुआ क्योंकि सबको डर था कि



सांप उनको काट न ले। आखिर हमने एक लंबा बांस टांके में रख दिया। मंगलवार जब हमने खेत में जाकर पानी के हौद को चेक किया तो कोबरा जा चुका था। सांप बांस की मदद से टांके से निकलने में सफल हो गया। उन्होंने बताया कि सांप की जान बच जाने से सभी बहुत खुश हुए। मंगलवार को सांप के निकल जाने के बाद भणियाणा वन विभाग का कर्मचारी अर्जुन सिंह मौके पर आया। लेकिन तब तक सांप जा चुका था।

# बालोतरा में एक शाम श्री यादे मां के नामः प्रजापत समाज ने भजन संध्या का किया आयोजन, शिक्षा ही असली धन है- विधायक

मरूधर आईना

**बालोतरा/भावेश भील पूंजाबेरी/** बालोतरा नगर में देर रात्रि प्रजापत समाज द्वारा भवन मे एक शाम श्री यादे मां के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया। इस भजन संध्या के शुरुआत राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक अशोक प्रजापत ने गणपति वदंना व गुरु वदंना के साथ शुरुआत की गई। भजन संध्या में संतों का सानिध्य संत श्री गोविंद वल्लभदेव के सानिध्य मे प्रजापत छात्रावास व सेवा समर्पण की बात कही। वहीं स्थानीय विधायक मदन प्रजापत ने कहा कि शिक्षा ही असली धन है। मदन प्रजापत ने विधायक कोष से 31 लाख रूपए देने की घोषणा की। परेऊ महंत ओंकार भारती व महंत नृसिंगदास नै मौजूद लोगों को मां बाप व गुरूजनों का सम्मान व सेवा करने की बात कहीं। इस भजन संध्या में राजस्थान के कही भजन गायकों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। पुरे भजन संध्या का संचालन एंकर कोहिनूर राजु माली ने किया। प्रजापत छात्रावास संस्थान के अध्यक्ष नृसिंग प्रजापत ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सभापति सुमित्रादेवी जैन ,जोगेंद्र प्रजापत, पंचायत समिति सदस्य चंपालाल,चतुराराम मौजूद थे।

# बारिश के मौसम में विद्युत लाईनों व उपकरणों से रखे निर्धारित दूरीः माथुर

मरूधर आईना

**बाड़मेर/दिलीप सैन /** बारिश के मौसम में विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आमजन विद्युत लाईनों व विद्युत उपकरणों से निर्धारित दुरी रखकर चले। बारिश के दौरान विद्युत लाईनों व उपकरणों में करंट प्रवाह की आशंका रहती हैं, इसलिए कोई भी व्यक्ति विद्युत ट्रांसफॉर्मर के पास, विद्युत लाईनों के नीचे, कोई हाथ ठेले, कोई झोंपे, कोई पशु बाड़े नहीं बनाए। साथ ही विद्युत लाईनों के नीचे व ट्रांसफॉर्मर के पास कोई सामाजिक आयोजन नहीं किए जाए। यह अपील अधीक्षण अभियंता बाड़मेर अजय माथुर ने आम जन से की। उन्होने बताया कि अभी बारिश का मौसम चल रहा हैं। जगह-जगह पानी भराव की स्थिति बनने की संभावना हैं। इस स्थिति के मद्देनजर विद्युत जनित हादसे नहीं हो, सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत तारों व ट्रांसफॉर्मर को नहीं छुए और विद्युत तंत्र से निर्धारित दूरी बनाकर रखे। विभाग की बिना अनुमति के किसी प्रकार का निर्माण कार्य विद्युत लाईनों के नीचे नहीं किया जाए। साथ भारी वाहन व बस चालको से अपील की जाती हैं कि वह वाहनों की नियमानुसार उंचाई से अधिक उंचाई पर वाहनो को नहीं चलावें ताकि रोड़ क्रॉसिंग वाली विद्युत तंत्र से निर्धारित दूरी रखकर ही वाहन का संचालन हो और किसी भी प्रकार के विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके। अधीक्षण अभियंता बाड़मेर ने बताया कि बारिश व आंधी-तुफान के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति, विद्युत तार टूटने, ट्रांसफॉर्मर में आगजनी जैसी घटनाओं की संभावना रहती हैं। इस प्रकार की समस्याओं के निस्तारण के लिए वृत कार्यालय एवं खंड कार्यालय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। साथ ही उपखण्ड कार्यालय स्तर पर शिकायत पंजिका भी संधारित की जा रही हैं। उन्होने बताया कि वृत कार्यालय स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 02982-223788, 9413312601, गुड़ामालानी खंड कार्यालय स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क नंबर 7849905854, 7849905860, सिवाना खंड कार्यालय स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क नंबर 7849905861 व 7849905455, टोल फ्री नंबर 18001806045 व वाट्स अप नंबर 9413359064 पर आमजन अपनी विद्युत आपूर्ति संबंधी, विद्युत करंट संबंधी शिकायत दूरभाष पर या उपखण्ड कार्यालय स्तर पर संधारित शिकायत पंजिका में दर्ज कराकर उसका निस्तारण करा सकते हैं।

# प्रजापति समाज की हुई बैठकः प्रहलाद गजाजी को बनाया अध्यक्ष, शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर की चर्चा

मरूधर आईना

**जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान/** रानीवाड़ा- रानीवाड़ा कस्बे में स्थित श्रीयादे मंदिर में आज 10 पट्टी प्रजापति समाज की बैठक का आयोजन किया। बैठक में 10 पट्टी के समाज बंधुओं के साथ काफी संख्या में गुजरात के प्रवासियों ने हिस्सा लिया। बैठक में समाज सुधार सहित 10 पट्टी के प्रस्तावित अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई।

**शिक्षित समाज बनाने पर हुई चर्चा**

बता दें कि रानीवाड़ा के सांचौर बाईपास पर बड़े भूभाग में श्रीयादे मंदिर आया हुआ है। जिसे 10 पट्टी प्रजापति समाज संचालित करता है। साल में एक बार समाज का मेला व वार्षिकोत्सव का



आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में समाज बंधु शामिल होते हैं। बैठक में सबसे पहले शिक्षित समाज बनाने पर चर्चा हुई। शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस साल इंटरनेशनल पहलवानों को सम्मानित किया गया था। बैठक के दरम्यिान अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से प्रहलाद गजाजी निवासी जाजपुरा भापड़ी के नाम सहमति बनी। समाज के वरिष्ठ पंचों ने प्रहलाद का साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

**कुरीतियों को समाप्त कर रीतियों को बढ़ावा देना है प्राथमिकता**

प्रहलाद ने बताया कि समाज में बालिका शिक्षा सहित कुरीतियों को समाप्त कर रीतियों को बढ़ावा देने की प्राथमिकता रहेगी। समाज ने जो जिम्मेदारियां सौंपी है, उन्हें बखूबी निभाकर अच्छा परिणाम देंगे। इस मौके पर कार्यकारिणी का विस्तार कर बाबूजी देवाजी को उपाध्यक्ष, केसाराम को कोषाध्यक्ष, हरचंदराम को सचिव, भंवरलाल को उप कोषाध्यक्ष, केवलराम को उपसचिव, रूगनाथराम को प्रचार मंत्री, नारायण लाल को संगठन मंत्री बनाया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मोहनलाल, अमराजी, भगवानाराम, बाबुराम, रमेशकुमार, भूरालाल, भीखाराम, कानाराम, राणाराम, तगाराम, शंकरलाल, दीपाराम, सगताराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मौखाब में ट्रांसफार्मर जलने से दो दिन से विधुत सप्लाई बंद

## अधिकारियों को अवगत कराने के बाबजूद नहीं दे रहे ध्यान

मरूधर आईना

**शिव/दिलीप सैन /** शिव उपखण्ड क्षेत्र के मौखाब गांव में दो दिन से विधुत सप्लाई बंद हैं। कही घरों और दुकानों की विधुत सप्लाई बंद पड़ी हैं। विधुत विभाग के कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं कई बार अधिकारियों से दुरभाष पर अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि हमने मार्केट में लगे विधुत ट्रांसफार्मर जलने की सुचना विधुत विभाग को दो दिन पहले ही दे दी थी लेकिन अभी तक दो दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर बदल कर विधुत सप्लाई को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है जिससे इस उमस भरी भीषण गर्मी में ग्रामीणों व व्यापारीयो को भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है ।

## संपादकीय

# तेलंगाना में भाजपा

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के निहितार्थ साफ हैं कि पार्टी ने दक्षिण भारत में संगठन को विस्तार देने के लिये कमर कस ली है। जहां हैदराबाद की सड़कें भाजपा के भगवा व टीआरएस के गुलाबी रंगों से रंगी गईं, वहीं पोस्टर युद्ध भी साफ नजर आया। भाजपा ने जहां अपने मिशन तेलंगाना के समर्थन में पोस्टर लगाये हैं, वहीं मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के पोस्टर मुकाबला कर रहे हैं। हाल में महाराष्ट्र में 'मिशन लोटस' पूरा करके भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिये हैदराबाद को चुनने का मकसद मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को भी समझ में आ गया है कि भाजपा का अगला निशाना तेलंगाना है। अपने दूसरे कार्यकाल के आखिरी दौर में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को भी इस बार बड़ी चुनौती का मुकाबला करना होगा। यही वजह है कि वे नरेंद्र मोदी और भाजपा पर हमलावर हैं। पोस्टर, ट्विटर युद्ध के अलावा जुबानी जंग भी जारी है। यहां तक कि केसीआर प्रधानमंत्री तक को रिसीव करने नहीं गये। बहरहाल, भाजपा ने शनिवार-रविवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिये हैदराबाद को भगवा रंग से तो रंग दिया,लेकिन मतदाताओं को यह रंग लुभा पायेगा, ये आने वाला वक्त बतायेगा। दरअसल, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ममता बनर्जी की तरह भाजपा से दो-दो हाथ करने के लिये तैयार हैं। वहीं हाल के दिनों में वे भाजपा का विकल्प तैयार करने की साझा विपक्ष की कोशिशों में सक्रिय रहे हैं।

दरअसल, हैदराबाद में निगम चुनावों में मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद भाजपा खासी उत्साहित रही है। उसे अपनी जमीन तैयार करने की संभावना नजर आयी थी। यही वजह है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सारे देश से सैकड़ों प्रतिनिधियों के अलावा कई केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों के अलावा स्वयं प्रधानमंत्री ने भाग लिया। साथ ही चारमिनार के निकट प्रतिष्ठित भाग्यलक्ष्मी मंदिर भी चर्चा में रहा, जहां योगी आदित्यनाथ समेत कई भाजपा दिग्गज पहुंचे। इसी भाग्यलक्ष्मी मंदिर के नाम पर भाजपा के कुछ नेता हैदराबाद का नाम भाग्यनगर करने की दलील देते रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के जरिये भाजपा दक्षिण में पार्टी के विस्तार का संदेश देना चाह रही है। अब तक वह दक्षिण में कर्नाटक के अलावा अन्य राज्यों में बहुत कुछ नहीं कर पायी है। अब वह 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दक्षिण भारत में जनाधार बढ़ाने की तैयारी में जुट गई है। तेलंगाना में भाजपा की महत्वाकांक्षा की एक वजह यह भी कि राज्य गठन के बाद केसीआर ने अपनी पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत कर ली कि शेष विपक्ष सिमटकर रह गया। ऐसे में राजनीतिक परिदृश्य में जो रिक्तता आई उसे भाजपा भरने की कवायद में जुटी है। भाजपा ने जहां कई मजूबत विपक्षी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल किया, वहीं केसी राव के करीबियों में भी सेंध लगाई, ताकि राज्य में टीआरएस का बेहतर विकल्प तैयार किया जा सके। यहां तक कि भाजपा ने राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अपने नेताओं को भेजकर जनता का मूड भांपने की भी कोशिश की है।

# न्यायपालिका और संविधान

भारत में सत्ता में मौजूद कोई भी दल यह मानता है कि सरकार का हर कार्य न्यायिक मंजूरी पाने का हकदार है, जबकि विपक्षी दलों को यह उम्मीद होती है कि न्यायपालिका उनके राजनीतिक रुख और उद्देश्यों को आगे बढ़ाएगी लेकिन 'न्यायपालिका संविधान और सिर्फ संविधान के प्रति उत्तरदायी' है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमण ने शनिवार को ये उद्गार व्यक्त किए। सीजेआई एसोसिएशन ऑफ इंड़ियन अमेरिकंस इन सैन फ्रांसिस्को, यूएसए' द्वारा आयोजित एक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह त्रुटिपूर्ण सोच हैग जो लोगों की उपयुक्त समझ के अभाव के चलते बनी है। 'आम लोगों के बीच इस अज्ञानता को जोर-शोर से बढ़ावा दिए जाने से वैसी ताकतों को बढ़ावा मिलता है, जिनका लक्ष्य एकमात्र स्वतंत्र संस्थाग जो न्यायपालिका है, कि आलोचना करना है। मुझे यह स्पष्ट करने दीजिए कि हम संविधान और सिर्फ संविधान के प्रति उत्तरदायी हैं।' दरअसल, हम संविधान-प्रदत्त अधिकारों और शक्तियों से चालित लोकतांत्रिक देश हैंग लेकिन अभी भी लोगों में अपने अधिकारों के प्रति जानकारी का अभाव हैग और जिन लोगों को जानकारी है, तो वे गाहे-बगाहे अपने अधिकारों का इस कदर अतिक्रमण कर बैठते हैं कि संविधानगत व्यवस्थाओं की अवहेलना हो जाती है। भारत में संवैधानिक संस्कृति उतनी पुष्ट नहीं हुई है, जितनी आजादी हासिल होने के 75 साल बाद हो जानी चाहिए थी। अभी भी नागरिकों में अपनी संवैधानिक संस्थाओं के बारे में पर्याप्त समझ का अभाव है। इससे लोकतंत्र की मजबूती प्रभावित होती है, और देश संविधान में प्रदत्त 'नियंत्रण और संतुलन' की व्यवस्था से लाभान्वित नहीं हो पाता। सीजेआई की यह खरी-खरी सच्चाई को आईना दिखाने वाली है, और राष्ट्र के रूप में हमें यह सोचने को विवश करती है कि हमें शांति और परस्पर सहकार के भाव से नागरिक के रूप में अपने दायित्वों का निवर्हन करना है। अधिकारबोध से ज्यादा महझ्वपूर्ण है कर्त्तव्यबोध, लेकिन जागरूकता के अभाव में इनके बीच संतुलन कायम करने में नागरिक के रूप में हम विफल नहीं तो काफी हद निराश करते हैं। सीजेआई की टिप्पणी हमें आत्मावलोकन करने का अवसर प्रदान करती है कि एक नागरिक के रूप में हमें न केवल सतत जागरूक रहना है, बल्कि परस्पर सद्भाव को भी सहेजे रखना है।




## चिंतन-मनन

# शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ।

उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा। उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीडध्तों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

# क्या जोड़ता है नीरज चोपड़ा-ऋषभ पंत को

आर.के. सिन्हा

किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है कि वहां खेलों की दुनिया में किस तरह की उपलब्धियां अर्जित की जा रही हैं। कहीं नीरज चोपड़ा और ऋषभ पंत की उपलब्धियों के आगे नेपथ्य में न चली जाएं। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने हाल ही इतिहास रचा है। आप जानते हैं कि भारत ने थामस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 के अंतर से हराकर ये उपलब्धि हासिल की। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने भारत को थामस कप जितवाया। इसे बैडमिंटन की विश्व चैंपियनशिप माना जाता है। थामस कप में विजय से पहले भारत के बैडमिंटन सेंसेशन लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए थे। और अंत में बात भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन की।

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और चमत्कारी क्रिकेटर ऋषभ पंत उस भारत की नुमाइंदगी करते हैं, जो विश्वास से लबरेज है। वह अपने हिस्से के आसमान को छू लेना चाहते हैं । ये दोनों उस नए भारत से संबंध रखते हैं जो अपनी विरोधी टीम के खिलाड़ियों की आंख में आंख डालकर खेलना जानते हैं। ऋषभ तो बचपन से मेरे द्वारा स्थापित द इंडियन पब्लिक स्कूल, देहरादून से ही 100 प्रतिशत स्कालरशिप पर पढ़ा है और उसने टेस्ट क्रिकेटर बनने का सपना मेरे यहां रहकर ही देखा है, अत- मैं जानता हूं कि आसमान छू लेने वाले खिलाड़ियों का जज्बा कैसा होता है। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों की जेवलिन थ्रो स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा को पूरा यकीन है कि वो इस साल के अंत तक जेवलिन थ्रो में 90 मीटर की दूरी तय कर लेंगे। उनकी प्रैक्टिस में सुधार लगातार जारी है । उधर, रुड़की में पैदा हुए और देहरादून के इंडियन पब्लिक स्कूल में पढ़े ऋषभ पंत ने चालू भारत-इंग्लैंड सीरीज के पहले ही दिन अपने टेस्ट करियर का 5वां शतक जड़ा। उन्होंने मेजबान टीम के गेंदबाजों की कसकर कुटाई की। वे हर बार की तरह से बेखौफ तरीके से बल्लेबाजी करते रहे। यही उनका स्टाइल बचपन से रहा है। कई क्रिकेट के ज्ञानी समीक्षक उन्हें समझाते हैं कि वे किस तरह से खेलें। पर पंत का अपना अलग स्टाइल है। वे दिल से खेलते हैं, दिमाग से नहीं । वे बड़े से बड़े गेंदबाज की सबसे बेहतर गेंद पर भी छक्का मारने की क्षमता रखते हैं। ये उनका आत्म विश्वास है जो उन्होंने अपने देहरादून स्कूल के ध्यानचंद ग्राउंड पर देसी गायों का दूध पीकर विकसित किया है ।

दरअसल नीरज चोपड़ा और पंत का संबंध छोटे शहरों से है। नीरज चोपड़ा हरियाणा के रोहतक के एक सामान्य से गांव से आते हैं। उस गांव में खेल का मैदान तक नहीं है। उन्हें आगे बढ़ने के मौके तब मिले जब वे अपने गांव से बाहर निकले। उन्हें सरकार और निजी क्षेत्र ने हर संभव मदद दी। उधर, पंत रुड़की से अंडर-13 एस.पी. सिन्हा टूर्नामेंट में भाग लेने मेरे देहरादून कैंपस आया और उसे स्कूल ने 100 प्रतिशत स्कालरशिप देकर यहीं रख लिया । यहां से दसवीं का बोर्ड पासकर उसने क्रिकेट की बारीकियों को संवारने के लिए दिल्ली का रुख किया। वे दिल्ली में खेलने के लिए मंदिरों- गुरुद्वारों में रात गुजारने लगे। देखिए कि अगर धीरे-धीरे भारत खेल के मैदान में अपनी जगह बना रहा है तो उसका कुछ श्रेय तो निजी क्षेत्र को भी देना होगा। नीरज चोपड़ा और पंत यह सिद्ध करते हैं कि प्रतिभा बड़े शहरों की गुलाम नहीं है। छोटे शहरों-कस्बों के नौजवानों में भी आगे बढ़ने की अदम्य इच्छा





शक्ति होती है। उन्हें अगर अवसर मिले तो वे दुनिया को अपनी मुट्ठी में कर सकते हैं।

नीरज चोपड़ा के जेवलिन थ्रो को 90 मीटर की दूरी तक फेंकने संबंधी दावे को सही परिप्रेक्ष्य में देखने की जरूरत है। जेवलिन थ्रो में 90 मीटर एक अहम मानक माना जाता है और लगातार इस दूरी तक जेवलिन फेंकने वाले खिलाड़ियों की संख्या काफी कम है। कहते ही हैं कि अगर आप कोई सपना देखोगे तो उसे पूरा भी कर लोगे । हां, उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपको कड़ी मेहनत तो करनी ही होगी। नीरज चोपड़ा सपने देखने के बाद उन्हें साकार करने में जुट जाते हैं। पंत मूल रूप से बिग मैच प्लेयर बनकर उभरे हैं। बोल्ट, डिएगो माराडोना, पेले, लारा, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर बिग मैच प्लेयर रहे हैं। ये उन मैचों में छा जाते हैं जो मैच अपने आप में खास होते हैं। इस तरह के मैच किसी चैंपियनशिप का फाइनल भी हो सकते हैं।

पंत बार-बार सिद्ध करते हैं कि वे बिग मैच प्लेयर हैं। माराडोना तो पक्के बिग मैच प्लेयर थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे। तब उनका जलवा देखते ही बनता था। बड़े खिलाड़ी का यही सबसे बड़ा गुण होता है कि वे खास मैचों या विपरीत हालातों में भी पूरे मैच में छा जाता है। माराडोना छोटी-कमजोर टीमों के खिलाफ अपने जौहर नहीं दिखा पाते थे। अगर बात फिर से नीरज चोपड़ा की करें तो उनकी सारी बॉडी लैंग्यूज को देखकर ही समझ आ जाता है कि वे भीड़ का हिस्सा नहीं हैं। जरा याद करें जब उन्होंने टोक्यो में अपनी स्पर्धा के फाइनल में जेवलिन हाथ में लिया तब उनके चेहरे के भावों को पढ़ा जा सकता था। साफ लग रहा था कि वे देश की झोली में कोई मेडल तो अवश्य डालेंगे, पर उन्होंने तो देश को सोना देकर आनंदित कर दिया था। खेलों की जननी मानी जाती है एथलेटिक्स। उसमें भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों में कभी कोई शानदार सफलता नहीं आई थी। हम मिल्खा सिंह, पीटी ऊषा, जीएस रंधावा तथा श्रीराम सिंह के ओलंपिक खेलों में ठीक-ठाक प्रदर्शन को याद करके खुश हो जाते थे। पर भारत को अभी नीरज चोपड़ा और पंत जैसे सैकड़ों विश्वास से लबरेज खिलाड़ियों की दरकार है। अभी तो बस शुरुआत है। ये सिलसिला जारी रहना चाहिए।

किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है कि वहां खेलों की दुनिया में किस तरह की उपलब्धियां अर्जित की जा रही हैं। कहीं नीरज चोपड़ा और ऋषभ पंत की उपलब्धियों के आगे नेपथ्य में न चली जाएं। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने हाल ही इतिहास रचा है। आप जानते हैं कि भारत ने थामस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 के अंतर से हराकर ये उपलब्धि हासिल की। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने भारत को थामस कप जितवाया। इसे बैडमिंटन की विश्व चैंपियनशिप माना जाता है। थामस कप में विजय से पहले भारत के बैडमिंटन सेंसेशन लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए थे। और अंत में बात भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन की। उन्होंने कुछ समय पहले इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किलोग्राम) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले से हराया। जरीन इस जीत के साथ 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जरीन विश्व चैंपियन बनने वाली सिर्फ पांचवीं भारतीय महिला मुक्केबाज बनीं। छह बार की चैंपियन एमसी मैरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006) और लेखा केसी इससे पहले विश्व खिताब जीत चुकी हैं। तो बात यह है कि भारतीय खिलाड़ी एकल और टीम खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। उनको जीत का स्वाद रास आने लगा है। अब उन्हें आगे से कोई रोक नहीं सकता।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## विचार मंथन

# उद्धव गुट को झटका

सिद्धार्थ शंकर

महाराष्ट्र विधानसभा में रविवार को स्पीकर का चुनाव हो गया। एनडीए के उम्मीदवार और भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर ने बंपर वोटों से चुनाव जीत लिया। वे महाराष्ट्र विधानसभा के नए अध्यक्ष बने हैं। राहुल के सामने एमवीए ने शिवसेना के विधायक राजन साल्वी को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन, एमवीए का ये दांव कामयाब नहीं हो सका और गठबंधन के उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सीएम एकनाथ शिंदे फूट को नहीं रोक सके। जैसे ही विधायक विधानसभा पहुंचे तो रुख बदलते भी देखने को मिला। शिवसेना विधायक नितिन देशमुख और कैलाश पाटिल वापस उद्धव कैंप में लौट आए। कुल मिलाकर देखें तो महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट की विधानसभा अध्यक्ष चुनाव में दूसरी बड़ी जीत हुई है। यूं तो नंबर गेम में भाजपा और शिंदे गुट का पक्ष पहले से ही मजबूत है, लेकिन इस जीत के मायने ही अलग हैं। कहा जा रहा है कि अब उद्धव ठाकरे गुट की मुश्किलें तेजी से बढने वाली हैं। यहां तक कि उद्धव अगर शिंदे गुट के साथ समझौता नहीं करते हैं तो उनके हाथ से पार्टी भी जा सकती है। राज्यपाल के आदेश पर दो दिन का विधानसभा विशेष सत्र बुलाया गया था। पहले ही दिन विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव तय था। भाजपा और शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट ने पहली बार विधायक चुने गए राहुल नार्वेकर को अपना



उम्मीदवार बनाया। वहीं, महा विकास अघाड़ी ने शिवसेना (उद्धव गुट) के राजन सालवी मैदान में उतारा। चुनाव शुरू होने से पहले ही विधानसभा स्थित शिवसेना के कार्यालय को सील कर दिया गया। कार्यालय पर नोटिस चस्पा हुआ कि इसे शिवसेना विधायक दल के निर्देशानुसार सील किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह कार्रवाई एकनाथ शिंदे गुट की तरफ से हुई। मतलब अब विधानसभा में एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना पर पूरी तरह कब्जा करने लगी है। इस दौरान एकनाथ शिंदे गुट ने व्हिप भी जारी किया, जिसमें सभी विधायकों से कहा गया कि वे भाजपा के उम्मीदवार राहुल नार्वेकर को ही वोट करें। यह व्हिप उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों को भी दिया गया। राहुल नार्वेकर चुनाव जीत गए और विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर भाजपा का कब्जा हो गया। विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव में यह साफ हो चुका है कि भाजपा और एकनाथ शिंदे के पास बहुमत है। भाजपा उम्मीदवार राहुल नार्वेकर को 164 वोट मिले, जबकि विपक्ष के उम्मीदवार राजन साल्वी के पक्ष में केवल 107 वोट ही पड़े। विधानसभा अध्यक्ष चुनाव से साफ है कि एकनाथ शिंदे के साथ शिवसेना के ज्यादातर विधायक हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट में फूट बढने का अनुमान ज्यादा है। ऐसे में शिंदे गुट के विधायकों पर चल रही अयोग्यता की कार्रवाई भी विधानसभा अध्यक्ष खारिज कर सकते हैं। ज्यादातर विधायक और सांसद शिंदे गुट के साथ हैं। अब विधानसभा अध्यक्ष भी भाजपा का है। अब उद्धव गुट कमजोर पडने लगा है। ऐसे में संभव है कि आने वाले दिनों में शिंदे गुट शिवसेना पर पूरी तरह से कब्जा कर ले।

## जीएसटी मुआवजा

# आर्थिक संकट में अनेक राज्य

जयसिंह रावत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 जून और 1 जुलाई, 2017 की मध्य रात्रि जीएसटी के रूप में देश की कर प्रणाली की नई शुरु आत की घोषणा की थी तो भाजपा नेताओं और भाजपा-नीत सरकारों ने इसे मध्य रात्रि में भारत का भाग्योदय बताया था।

प्रधानमंत्री मोदी के इस मध्यरात्रि भाषण की तुलना 15 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के ऐतिहासिक भाषण से की गई थी, लेकिन लगता है कि मध्यरात्रि का यह भाग्योदय देश के कम से कम उन 16 राज्यों के लिए उल्टा होने जा रहा है, जिनको 30 जून, 2022 तक राजस्व हानि के बदले मुआवजे की गारंटी दी गई थी।

यह समय सीमा समाप्त हो चुकी है, और 29 जून को चंडीगढ़ में संपन्न जीएसटी काउंसिल की बैठक में प्रतिपूर्ति के मामले में निर्णय नहीं हो सका। जीएसटी से उत्तराखंड जैसे राज्य को ही सीधे-सीधे 5 हजार करोड़ रुपये सालाना नुकसान है। जब 1 जुलाई, 2017 को केंद्र व राज्यों के 17 तरह के करों को राष्ट्रव्यापी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में समाहित कर नई कर प्रणाली लागू की गई थी, तो तय किया गया था कि राज्यों को नये कर से राजस्व के किसी भी नुकसान के लिए पांच साल के लिए 30 जून, 2022 तक मुआवजा दिया जाएगा। इस समय सीमा से ठीक पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च निर्णायक संस्था जीएसटी काउंसिल की चंडीगढ़ में बैठक आयोजित हुई तो उम्मीद जगी कि मुआवजे के बारे में यथासमय निर्णय हो जाएगा और उन 16 राज्यों को न्याय मिलेगा जिनके लिए जीएसटी कर भाग्योदय नहीं, बल्कि भाग्य अस्त साबित हो रहा है। चूंकि इन राज्यों में उत्तराखंड सहित 12 डबल इंजन वाले राज्य भाजपा शासित हैं, इसलिए उम्मीद थी कि जीएसटी मुआवजे की अवधि समय से बढ़ जाएगी। लेकिन 29 जून को संपन्न चंडीगढ़ की बैठक में इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका। यद्यपि इस पर अभी इंकार भी नहीं हुआ



है तो भी हीलाहवाली साफ कह रही है कि केंद्र सरकार राज्यों का यह बोझ अपने सिर ढोने को राजी नहीं है। केंद्र की अनिच्छा का कारण उसकी वित्तीय स्थिति भी है। केंद्र सरकार को भारी मात्रा में लोकलुभावन योजनाओं में संसाधन झोंकने पड़ रहे हैं। मुआवजा बंद होने से लोकप्रियता उतनी प्रभावित नहीं होगी जितनी मुफ्त राशन, पेंशन, सम्मान निधि आदि अनेकों योजनाओं को बंद करने से हो सकती है।

एक जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू होने के रोज भी उत्तराखंड में भाजपा की सरकार थी और आज भी उसी की सरकार है। फर्क इतना भर है कि तब राज्य सरकार को जीएसटी की मार की चोट का अहसास नहीं था, इसलिए मुख्यमंत्री से लेकर समूचा काडर जीएसटी का गुणगान कर रहा था लेकिन अब जबकि चोट असहनीय होने लगी तो डबल इंजन की सरकार की आह निकल ही गई। जीएसटी के मारे उत्तराखंड सहित इन 12 राज्यों की बिडम्बना है कि वे प्रधानमंत्री मोदी की इस ऐतिहासिक देन जीएसटी को अपना दुर्भाग्य भी नहीं कह सकते और तारीफ करें तो फिर मुआवजे की मांग ही क्यों? राज्यों के संकट का कारण संरचनात्मक परिवर्तन, न्यून उपभोग आधार, एसजीएसटी के रूप में भुगतान किए गए करों का आईजीएसटी के माध्यम से बहिर्गमन, वस्तुओं पर वैट की तुलना में कर की प्रभावी दर कम होना, कई राज्यों में सेवा का अपर्याप्त आधार तथा जीएसटी के अंतर्गत वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर दर में निरंतर कमी होना है। जीएसटी के लिए 16 राज्यों को मुआवजे के रूप में जो पांच साल का अभयदान मिला था उसमें दो साल तो कोरोना महामारी से ही बर्बाद हो गए। इसलिए उम्मीद थी कि केंद्र सरकार इन दो सालों का ध्यान रखते हुए समयावधि विस्तार में संकोच नहीं करेगी। भाजपा शासित राज्य साथ होने से उम्मीद और भी प्रबल थी, जिस पर फिलहाल पानी फिरता नजर आ रहा है।

दरअसल, आशंकित राज्य आज से नहीं, बल्कि काफी पहले से मुआवजा विस्तार की मांग कर रहे थे। समय करीब आते जाने से जब उत्तराखंड सरकार की बेचैनी बढ़ी तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के वित्तीय संकट का दुखड़ा लेकर प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री के पास पहुंचे। बेचैनी अैर बढ़ी तो राज्य के वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने चंडीगढ़ में पहली जीएसटी कांउसिल की बैठक में अपनी बात रखी। वित्त मंत्री सीतारमण को राज्य सरकार की ओर से ज्ञापन भी सौंपा। फिर भी उत्तराखंड की आवाज नक्कारखाने की तूती बन गई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी काफी पहले से इस विस्तार की मांग कर रहे थे। जीएसटी से कर राजस्व की हानि के साथ ही राज्यों के औद्योगीकरण को भी गहरा धक्का लगा है। जीएसटी के बाद कर राजस्व उत्पादन करने वाले राज्य की बजाय उपभोग करने वाले राज्य को मिल रहा है। इस स्थिति में औद्योगीकरण का कुछ खास लाभ प्रभावित राज्यों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में कम खपत वाले राज्य आद्योगीकरण के लिए अपनी ऊर्जा और संसाधन खपाएं भी तो क्यों?

## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापनःबकाया कमीशन राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग



मरूधर आईना

**बालोतरा/ भावेश भील पूंजाबेरी/** ऑल इण्डिया फेयर प्राइज शॉप डीलर्स फेडरेशन शाखा बालोतरा ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर आज प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्यवाही के अभाव में आंदोलन करने की चेतावनी दी। शाखा बालोतरा ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्रसिंह टापरा, संरक्षक मनोज तिवारी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में खाद पदार्थ में एक किलो प्रति क्विंटल हैंडलिंग लॉस देने, खाद तेल व दाल की आपूर्ति प्रति माह करने, दोबारा जूट बोरों में खाद सामग्री की सप्लाई करने, कोरोना में मृतक राशन डीलरों के लिए अलग से मुआवजा नीति घोषित करने, राशन डीलरों को कोरोना योद्धा घोषित करने, बकाया कमीशन राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रमजान खान सिंधी, ग्रामीण उपाध्यक्ष नारायण चौधरी बुड़ीवाड़ा, अशोक कुमार, राजेन्द्र अग्रवाल, अशोक खारवाल आदि मौजूद रहे।

## नशा करने के लिए मंदिर में की चोरीःदानपात्र तोड़कर नगदी लेकर भागे थे, 3 आरोपी गिरफ्तार

मरूधर आईना



**पाली सिटी/ ओम प्रकाश प्रजापति/ पाली-सिटी** मंदिर में चोरी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों दिनदहाड़े मंदिर का ताला तोड़कर नगदी लेकर भाग गए थे। आरोपी नशा करने के लिए चोरी करते थे। मामला पाली के औद्योगिक थाने में महादेव बगेची का है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मामला सामने आने पर औद्योगिक थाना पुलिस हरकत में आई। थानाधिकारी निरमा विश्नोई ने बताया कि चोरों की तलाश में एएसआई जगदीश कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई। उन्होंने कोतवाली थाना क्षेत्र के बाबा रामदेव कॉलोनी मंडिया रोड निवासी प्रकाश (20) पुत्र जगदीश गाड़ोलिया लौहार, नेमीचंद (21) पुत्र लुणाराम गाड़ोलिया लौहार और किशन (28) पुत्र शंकरलाल गाड़ोलिया लौहार को गिरफ्तार किया। उन्होंने मंदिर से चोरी करना स्वीकार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्मैक के नशे की उन्हें लत लगी हुई हैं। नशे का शौक पूरा करने के लिए उन्होंने मंदिर के दानपात्र से रुपए चोरी किए। आरोपियों ने कितनी चोरी-नकबजनी की वारदातों को अंजाम दिया। इसे लेकर रिमांड के दौरान पुलिस पूछताछ करेगी।

## सीएमएचओ डा देवल ने किया पीएचसी मांडोली का निरीक्षण



**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आगंनवाडी, सरकारी विघालयों, सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर हर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दिन इन केन्द्रों पर बच्चों, किशोर - किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं के लिये अनीमिया संबधित गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें अनीमिया की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार तथा अनीमिया के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।इसी संदर्भ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गजेन्द्र सिंह देवल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मांडोली का निरीक्षण कर शक्ति दिवस कार्यक्रम का जायजा लिया साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अनीमिया स्क्रीनिंग, जांच एवम उपचार संबंधित जानकारी ली।सीएमएचओ डा. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि कार्यक्रम के लक्षित लाभार्थियों में 6 माह के बच्चों से लेकर 59 माह तक के बच्चों, किशोर - किशोरियां, 20 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व धात्री माताओं को शामिल किया गया है। उन्होने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस के अंतर्गत आशा सहयोगियों द्वारा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को, 5 से 9 वर्ष के विघालय नहीं जाने वाले बच्चों को, 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को, 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं को एवं गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं को आंगनवाडी केन्द्र पर मोबिलाईज किया जाएगा। आशाओं द्वारा 6 से 59 माह तक के बच्चों को 1 एमएल आईएफए सिरप पिलाई जाएगी, 5 से 9 वर्ष के विघालय नहीं जाने वाले बच्चों को आईएफए की गुलाबी गोली खिलाई जाएगी। 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को आईएफए की नीली गोली खिलाई जायेगी। आशा द्वारा 6 माह के बच्चों से लेकर 59 माह तक के बच्चों, 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं, 20 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व धात्री माताओं की अनीमिया हेतु स्क्रीनिंग शारीरिक लक्षणों के आधार पर की जाएगी।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग को फंसायाःअश्लील वीडियो और फोटो दूसरों को दिखाकर किया बदनाम, दोस्त गिरफ्तार

मरूधर आईना

**पाली सिटी/ ओम प्रकाश प्रजापति/ पाली-** सिटी,नाबालिग किशोर ने इंस्टाग्राम पर किशोरी को दोस्ती में फंसाया। विश्वास में लेकर अश्लील फोटो व वीडियो लेकर अपने दोस्त को दे दिए। इसके बाद उसे बदनाम करने क लिए वीडियो अपलोड कर दिया। मामले में पुलिस ने दोस्त को गिरफ्तार किया है। वहीं नाबालिग किशोर की तलाश की जा रही है। मामला पाली का है।

कोतवाली साह्ब सुरेश चौधरी ने बताया कि 16 साल की किशोरी और नाबालिग लड़के की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हो गई। दोनों सोशल मीडिया पर चेटिंग करने लगे। लड़के ने चालाकी से नाबालिग का अश्लील फोटो व वीडियो अपने मोबाइल कैमरे में ले लिया। इसके बाद अपने दोस्त सूरजपोल घाचियो का बास निवासी निवासी लोकेश घांची (20) को दे दिया। युवक



नाबालिग के पीछे पड़ गया और छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग ने उसे डांटा तो अश्लील फोटो व वीडियो दिखाकर बदनाम किया। नाबालिग लड़की के परिजनों को बात का पता चला तो पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने लोकेश घांची को गिरफ्तार किया। युवक का मंगलवार सुबह बांगड़ हॉस्पिटल में मेडिकल करवाया गया। एक अन्य नाबालिग आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चोरी का मामला दर्ज

आरोपी लोकेश के खिलाफ कोतवाली थाने में एक चोरी का मामला भी दर्ज हैं। पिछले दिनों उसने सूरजपोल घांचियों का बास में सोहनलाल घांची के घर से करीब 20 ग्राम सोने एवं 300 ग्राम चांदी के गहने चोरी कर लिए थे। धानमंडी चौकीप्रभारी भल्लाराम ने बताया कि सोहनलाल घांची किसी काम से परिवार सहित बाहर गए थे। उनके घर की चाबी मोहल्ले में रहने वाले उनके भाई के यहां थी। आरोपी ने सोहनलाल के भाई के नाबालिग बेटे को डरा-धमकाकर चाबी मंगवाई। सोहनलाल के घर में घुसकर बक्से में रखे करीब 20 ग्राम सोने एवं 300 ग्राम चांदी के गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने उसे इस मामले में भी गिरफ्तार किया हैं

## जालौर जिलाधीश निशांत जैन ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागली सिंधलान का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर बच्चों के साथ बच्चे बंद कर बैठ गए कक्षा रूम में

मरूधर आईना



**भरतसिंह राजपुरोहित अगवरी** जालोर सब सेंटर निरीक्षण के उपरांत जिला कलक्टर निशांत जैन ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागली सिंधलान पहुंच व्यवस्थाएं जांची। पीईईओ से उनके अधीनस्थ स्कूलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर जिला कलक्टर ने शिक्षण व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्हांने शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूलों में मनाये जा रहे प्रवेशोत्सव के तहत नवीन नामांकन के लिए किये जा रहे प्रयास एवं आदिनांक तक हुए नामांकन पर जानकारी लेते हुए मिड-डे-मील योजनान्तर्गत व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने कक्षा-2 के बच्चों संग बैठकर उनका आखर ज्ञान परखा और कक्षा-8 के बच्चों से वार्ता कर उनका शैक्षिक स्तर जांचा। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई को लेकर प्रधानाचार्य को निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कक्षा-12 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से वार्ता कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला कलक्टर ने विगत वर्षों में कोरोना के कारण विद्यार्थियों को हुए स्कूली शिक्षा के नुकसान से उभारने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर का बच्चों के साथ में जाकर बैठना सबके लिए चर्चा का विषय बना है क्योंकि बहुत सारे अधिकारी तो अपने एयर कंडीशनर ऑफिसर में से बाहर भी नहीं निकलते और इतनी गर्मी में बच्चों के साथ बैठकर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता को जांचना सभी के लिए प्रेरणादायक हैं यह फोटो सरकारी कर्मचारियों को और आम आदमी को बहुत कुछ सीख देता है इंसान कुछ नहीं कर्मों से महान बनता है

## जैतारण पालिका को मिली सीवर जेटिंग सक्शन मशीनः अब ऑटोमेटिक होगी सेप्टिक टैंक की सफाई, आमजन को मिलेगा फायदा





**पाली सिटी/ ओम प्रकाश प्रजापति/** जैतारण-पाली सिटी,कस्बे में नगरपालिका को सीवर जेटिंग सेक्शन मशीन मिलने के बाद घरों के सेप्टिक टैंक की सफाई मैनुअल के स्थान पर स्वचलित मशीन से होगी। टैंक से निकलने वाले फीकल स्लज को सीवरेज के ट्रीटमेंट प्लांट मे भेजा जायेगा। ट्रीटमेंट प्लांट से फीकल डालकर उसे विभिन्न स्तर के माध्यम से ट्रीटमेंट किया जाएगा। पालिका के ईओं छैलकंवर चारण ने बताया कि फीकल से पानी और स्लज अलग अलग हो जाते हैं। जिसके बाद स्लज को खाद के रूप मे उपयोग के लिए बनाया जाएगा।

### क्या है सीवर जेटिंग कम सक्शन मशीन

यह मशीन सीवर और ड्रेन को साफ करने के काम आती हैं। सीवर या ड्रेन मे जीम स्लिट को वैक्यूम के माध्यम से जेटिंग कम सक्शन मशीन के टैंक मे खींच लेती है। सीवर लाइन के अन्दर जमे मलबे को प्रेशर के माध्यम से साफ कर देती हैं। इस मशीन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि अब मेन होल की सफाई का कार्य मशीन द्वारा आसानी से और कम समय मे हो जाएगा।

### इनका ये कहना

पालिका मे सीवर जेटिंग सक्शन मशीन मिलने के बाद घरों के सेप्टिक टैंक सहित अवरूद्ध सीवरेज के चैम्बर की आसानी से सफाई हो जाएगी। सीवर जेटिंग सक्शन मशीन मिलने से आमजन को काफी राहत मिलेगी।

**छैलकवंर चारण, ईओं नगरपालिका जैतारण**

नगरपालिका मे अग्निशमन वाहन के बाद सीवर जेटिंग सक्शन मशीन मिलने से आमजन को काफी राहत मिलेगी।

**रामस्वरूप भाटी, पालिकाध्यक्ष, नगरपालिका जैतारण**

## किसानों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार रथ हुआ रवाना, विकास अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी



मरूधर आईना

**पाली सिटी/ ओम प्रकाश प्रजापति/ जैतारण-** पाली-सिटी,पंचायत समिति परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत किसानों को जागरूक करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रथ को विकास अधिकारी हीराराम कलबी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रथ द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2022 के अन्तर्गत कृषकों के मध्य जागरूकता लाने हेतु प्रचार प्रसार किया जाएगा। जागरूकता रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय के राजस्व गांव मे किसानों को फसल बीमा योजना को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जाएगा।

जागरूकता रथ 5 जुलाई से 23 जुलाई तक गांवों मे जाकर किसानों को जागरूक करेगा। इस मौके सहायक कृषि अधिकारी सम्पतसिंह राजपुरोहित, कृषि पर्यवेक्षक भंवरसिंह राठौड़, अंजू जाट, सुखदेव खोजा, संजयनाथ, बुद्धराज वैष्णव, कमलकिशोर वैष्णव, रामदेव महावर आदि मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागली सिंधलान का किया औचक निरीक्षण



मरूधर आईना

**जालौर ( श्रवण कुमार औड़ )** सब सेंटर निरीक्षण के उपरांत जिला कलक्टर निशांत जैन ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भागली सिंधलान पहुंच व्यवस्थाएं जांची। पीईईओ से उनके अधीनस्थ स्कूलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर जिला कलक्टर ने शिक्षण व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्हांने शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूलों में मनाये जा रहे प्रवेशोत्सव के तहत नवीन नामांकन के लिए किये जा रहे प्रयास एवं आदिनांक तक हुए नामांकन पर जानकारी लेते हुए मिड-डे-मील योजनान्तर्गत व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने कक्षा-2 के बच्चों संग बैठकर उनका आखर ज्ञान परखा और कक्षा-8 के बच्चों से वार्ता कर उनका शैक्षिक स्तर जांचा। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई को लेकर प्रधानाचार्य को निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कक्षा-12 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से वार्ता कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला कलक्टर ने विगत वर्षों में कोरोना के कारण विद्यार्थियों को हुए स्कूली शिक्षा के नुकसान से उभारने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## जन जागरूकता अभियानःपालिका बाली बोर्ड की बैठक का हुआ आयोजन, सिंगल यूज पॉलीथिन बैन करने को लेकर चर्चा



मरूधर आईना

**ओम प्रकाश प्रजापति/ फालना-** पाली सिटी, नगर पालिका बाली बोर्ड की बैठक अधिशासी अधिकारी मनोहर लाल जाट और नगर पालिका अध्यक्ष भरत चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। सिंगल यूज पॉलीथिन बैन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से पॉलीथिन उपयोग नहीं करने को लेकर जागरूकता फैलानी चाहिए।इस दौरान पार्षद कानाराम चौधरी के जणवा चौधरी समाज 42 गांव के अध्यक्ष बनने पर नगर पालिका परिसर में अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने साफा एवं पुष्प हार पहना कर बधाई दी । इस दौरान सभी पार्षदों ने भी एक-एक कर पुष्प हार पहनाकर अध्यक्ष कानाराम को दी बधाई शुभकामनाएं। इस दौरान कानाराम चौधरी ने अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी समस्त पार्षदों का आभार जताते हुए कहा कि जो 42 गांव की जन्मा समाज ने मुझ पर भरोसा किया है। उसको मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। इस दौरान बैठक में बाली नगर पालिका चेयरमैन भरत चौधरी बाली नगर पालिका उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह बाली प्रतिपक्ष नेता महेंद्र परिहार पार्षद कानाराम जनवा चौधरी पार्षद मानाराम चौधरी पार्षद नेका राम चौधरी पार्षद सुरेश परिहार पार्षद जगदीश वर्मा पार्षद किशोर प्रजापति पार्षद जीवाराम चौधरी पार्षद पक्का राम पार्षद कानाराम सीरवी पार्षद फौज मल भाटी पार्षद युसूफ पार्षद दिनेश माली पार्षद सनी पार्षद पति खेताराम देवासी एवं कई महिला पार्षद भी उपस्थित थी।

# पाकिस्तानी महिला एजेंट के हनीट्रैप में फंस जासूसी करने लगा

### बॉर्डर से सिर्फ एक किलोमीटर दूर है घर, सोशल मीडिया से भेजी जानकारी

मरूधर आईना

**बाड़मेर/भावेश भील पूंजाबेरी/** बॉर्डर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लीक करने के मामले में पकड़े गए रामसिंह ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। जिसे कुछ दिन पहले चुरू रतनगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में सामने आया कि रामसिंह करीब एक साल पहले पाक महिला एजेंट के हनीट्रैप में फंसा। आईएसआई के संपर्क में आया था। सूत्रों की माने तो सूचनाएं भेजने पर रामसिंह को मोटी रकम भी मिली है।



दरअसल, राज्य विशेष शाखा जयपुर की टीम व सीआईडी श्रीगंगानगर ने 25 से 28 जून तक श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू में चलाए गए ऑपरेशन सरहद अभियान के अंतर्गत करीब 23 लोगों को हिरासत में लिया था। इनमें से अब्दुल सत्तार निवासी वार्ड-19, डबलीराठान मौलवी, हनुमानगढ़ से नितिन यादव निवासी वार्ड-38 सूरतगढ़ और रामसिंह निवासी उम्मेदपुरा बिजराड़ बाड़मेर हाल विकास ट्रेडर्स रतनगढ़ चूरू को गिरफ्तार किया गया। 27 जून को रामसिंह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में पाए जाने पर अपने साथ ले गई थह। बाड़मेर के बिजराड़ थाना क्षेत्र के उम्मेदपुरा का निवासी रामसिंह चूरू जिले के रतनगढ़ में फैक्ट्री में काम करता है। वह ममेरे लड़के की शादी में शामिल होने के लिए एक महीने 10 दिन की छुट्टी लेकर गया था। वह करीब एक साल से आईएसआई के संपर्क में था।

### बाड़मेर में बॉर्डर से 1 किमी दूर है रामसिंह का घर

इंटेलिजेंस इनपुट के अनुसार रामसिंह के गांव उम्मेदपुरा करीब सौ-डेढ़ सो घर हैं। जो कि बॉर्डर से महज 1 किमी की दूरी पर है। उसकी फेसबुक प्रोफाइल से लोकेशन जानकारी लेकर आईएसआई महिला एजेंट ने हनीट्रैप में फांस लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हनीट्रैप में फंसने के बाद रामसिंह को मोटी रकम भी मिली है। देश की सामरिक सूचनाएं हैंडलर के जरिए पाकिस्तान की आईएसआई एजेंसी को भिजवाने के मामले पकड़े गए बाड़मेर के बिजराड़ थाना क्षेत्र के उम्मेदपुरा निवासी रामसिंह से सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही है।

### सोशल मीडिया के जरिए भेजते जानकारी

खुफिया एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक हनीट्रैप में फंसने के बाद रामसिंह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं भेजता था। इसके बदले में इन जासूसों को मोटी रकम भी मिली थी।

### रामसिंह के पिता मानसिक रोगी

गांव के स्थानीय लोगों ने बताया कि रामसिंह के पिता मानसिह मानसिक रोगी है। यह तीन भाई है। सबसे बड़ा रामसिंह है दो छोटे भाई है। एक छोटा भाई बकरियां चराने का काम करता है। वहीं रामसिंह पहले जोधपुर में काम करता था। बीते कुछ महीनों से चुरू रतनगढ़ में काम करता है।

## उदयपुर तालिबानी हत्याकांड के विरोध में पाली बंद : सर्व हिन्दू समाज की बैठक में लिया गया फैसला

**ओम प्रकाश प्रजापति/** पाली-सिटी उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल और अमरावती में हत्या के विरोध में बुधवार को पाली बंद रहेगा। यह फैसला सर्व हिन्दू समाज की बैठक में लिया गया। इससे पहले जिले के सुमेरपुर, रोहट, सोजत, नाडोल सहित कई गांव घटना के विरोध में बंद रहे थे। पाली शहर के माली समाज भवन में सर्व हिन्दू समाज की बैठक हुई। बैठक में शहर के 65 समाजों के 850 से ज्यादा लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बंद का फैसला लिया।

# वेकेशन से वापस लौटे करण जौहर

**फिल्ममेकर** करण जौहर को हाल ही में बच्चों के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान करण काफी कूल अंदाज में नजर आए। साथ ही वो पैपराजी के सभी सवालों के जवाब देते हुए भी दिखे। वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही करण पार्किंग एरिया में पहुंचते हैं, वैसे ही वो अपने बेटे यश और बेटी रूही से पैपराजी को नमस्ते करने के लिए कहते हैं। इसके बाद दोनों हाथ जोड़ कर पैपराजी को नमस्ते कहते हैं। वहीं फैंस इस वीडियो को देख करण के बच्चों के संस्कार की तारीफ कर रहे हैं।



# मिलिट्री ड्रामा सीरीज 'शूरवीर' को लेकर अरमान रल्हान ने कही यह बात

**डिज़्नी प्लस** हॉटस्टार एक रोमांचक कहानी में एक एक्शन से भरपूर मिलिट्री ड्रामा सीरीज़ 'शूरवीर' लेकर आ रहा है। हॉटस्टार स्पेशल्स 'शूरवीर' भारत में एक विशिष्ट टास्क फोर्स के निर्माण की यात्रा को दर्शाया गया है क्योंकि वे राष्ट्रीय खतरों के खिलाफ देश की पहली प्रतिक्रिया टीम बनने के लिए विशेष प्रशिक्षण से गुजरते हैं। जगरनॉट प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस शो को समर खान ने क्रिएट किया है और कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित है और यह एक्सक्लूसिवली डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 15 जुलाई से उपलब्ध होगा। इस एक्शन पैक्ड सीरीज में अरमान रल्हन एक अहम भूमिका निभा रहे हैं और इसका हिस्सा बनकर वो बेहद खुश हैं। अरमान को यह भी लगता है कि दर्शकों के लिए शूरवीर एक बहुत ही अनोखा प्रस्ताव है। अरमान रल्हान ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत में, हमने शूरवीर जैसा शो देखा है। साथ ही, 'एयर फोर्स' को पूरी तरह से अलग तरीके से दिखाया गया है। यह दर्शकों को सिनेमैटिक सेंस में कॉकपिट में ले जाएगा। यह बिलकुल नई बात है। यह करना बेहद मुश्किल है और हमारे निर्देशक कनिष्क वर्मा और उनकी टीम ने इसके साथ वास्तव में अच्छा काम किया है। और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि लोग इस पर कैसे प्रतिक्रिया देते है। शूरवीर में लोकप्रिय अभिनेता मकरंद देशपांडे और मनीष चौधरी के साथ रेजिना कैसेंड्रा, अरमान रल्हन, आदिल खान, अभिषेक साहा, अंजलि बरोट, कुलदीप सरीन, आरिफ जकारिया, फैसल रशीद, साहिल मेहता और शिव्या पठानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देने वाले रेड अलर्ट का सामना करते हुए टीम के साथियों, और मेंटर्स के बंधनों पर करीब से नज़र डालता है।



# सरगुन मेहता ने प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर किया रिएक्ट

**सरगुन मेहता** ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में एक के बाद एक हिट फिल्में दे कर अपनी अलग पहचान बनाई है। सरगुन इस बात का क्रेडिट अपने पति को रवि दुबे को देती है। सरगुन और रवि 9 साल पहले शादी के बंधन में बंधे थे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए कहा कि लोग कपल्स से सिर्फ पेरेंट्स बनने की ही उम्मीद रखते हैं। साथ ही सरगुन ने बताया कि वो फिलहाल अपने करियर पर फोकस कर रही हैं। सरगुन ने कहा, 'लोग कपल्स से सिर्फ पेरेंट्स बनना ही एक्सपेक्ट करते हैं। अगर हमें बस यही करना है तो यह शादी के पूरे मतलब को ही खत्म कर देता है। मैं यह नहीं कह रही हूं कि जो लोग बच्चा चाहते हैं या फिर प्रेग्नेंट हैं वो गलत हैं। लाइफ में लोगों की अलग प्राथमिकताएं और लक्ष्य होते हैं। मैं अभी अपनी लाइफ में एक अलग जर्नी पर हूं।'





# खाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था भारती को

**अपनी** कॉमेडी से हंसाने वाली भारती सिंह सभी का मनोरंजन करती आई हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें खाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। भारती के इस मुकाम तक पहुंचने का सफर काफी मुश्किल भरा रहा है। भारती का जन्म 3 जुलाई 1984 को अमृतसर की एक पंजाबी फैमिली में हुआ था। भारती के पिता की मौत तभी हो गई थी जब वो महज 2 साल की थीं। उनके 2 भाई-बहन हैं। ऐसे में उनकी मां ने दूसरी शादी नहीं की और सिलाई करके अपने बच्चों की देखभाल की। भारती कॉलेज टाइम में पिस्टल शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं। वो राइफल शूटर बनना चाहती थीं लेकिन परिवार की तंगहाली आड़े आ गई इसलिए मजबूरन उन्हें कॉलेज की पढ़ाई और राइफल शूटर बनने का सपना छोड़ना पड़ा।



# सोशल मीडिया पर सामने आई उर्फी जावेद की सुसाइड वाली तस्वीर

**सोशल** मीडिया सेंसेशन कही जाने वाली उर्फी जावेद अक्सर अपने ड्रेसिंग और फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। आए दिन अपने अतरंगी कपड़ों के लिए सुर्खियां बटोरने वाली उर्फी को कई बार ट्रोलिंग का भी शिकार होना पड़ता है। हालांकि लोगों की परवाह किए बिना उर्फी लगातार अपने मन मुताबिक कपड़े पहनती हैं। इतना ही नहीं वह ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब देती भी नजर आती हैं। हाल ही में एक बार फिर वह चर्चाओं में हैं, लेकिन इस बार चर्चा का विषय उनका कोई फैशन सेंस या अतरंगी लिबाज नहीं बल्कि उनकी मौत की खबर है। दरअसल, उर्फी ने बीते दिनों उदयपुर में हुई हत्या पर अपने विचार रखे थे। सोशल मीडिया के जरिए इस पूरे मामले पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने इसकी निंदा की थी। ऐसे में उर्फी की इस प्रतिक्रिया के बाद उन्हें लगातार धमकियां मिल रही थी। लेकिन अब इस मामले में एक नया मोड़ देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से खुद उर्फी भी काफी परेशान हो चुकी हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर उर्फी के खुदकुशी करने की खबर तेजी से वायरल हो रही है।

# क्राइम थ्रिलर से ओटीटी में डेब्यू करेंगी कविता

टेलीविजन अभिनेत्री कविता कौशिक क्राइम थ्रिलर 'तेरा छलावा' से ओटीटी में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वेब शो प्यार, धोखे और हत्या की पांच कहानियों को दिखाता है। अभिनेत्री अपने डेब्यू को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने इसमें अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की। कविता 'तेरा छलावा' में 'हैप्पी एनिवर्सरी' कहानी का एक हिस्सा है जो ट्विस्ट और टर्न से भरी है – एक पति और पत्नी के धोखे से भरी शादी में प्रमुखता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। कविता कहती हैं, ''ओटीटी एक महान मंच है जो आपको दिलचस्प भूमिकाओं की पेशकश करता है। पात्रों की एक विस्तृत श्रृंखला को निभाने के अवसर के साथ, यह मेरे लिए अब काम करने का आनंद लेने के लिए एकदम सही है। साथ ही, मेरा मानना है कि सीमित कहानियां या प्रोजेक्ट वही हैं जो दर्शक चाहते हैं।''



# विलेन का किरदार निभाना रणबीर कपूर का बड़ा सपना

संजू के चार बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने वाले एक्टर रणबीर कपूर शमशेरा के लिए चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच रणबीर कपूर ने अपने सबसे बड़े सपनें के बारें में खुलासा करते हुए कहा है कि उनको विलेन का किरदार निभाना है। विशेष सीरीज आरके टेप्स के प्रचार दौरान अभिनेता ने अपनी इच्छा को लेकर बात की। अभिनेता ने अपने पसंदीदा ऑन-स्क्रीन खलनायकों में से कुछ को सूचीबद्ध किया, प्रतिष्ठित अमजद खान को शोले में गब्बर सिंह के रूप में, अमरीश पुरी को मिस्टर इंडिया में मोगैम्बो के रूप में, संजय दत्त अग्निपथ में कांचा चीना के रूप में, रणवीर सिंह पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के रूप में और शाहरुख खान डर में। वीडियो में रणबीर ने कहा, हम हमेशा हीरो का साथ देते हैं। लेकिन अगर नायक के लिए अपनी वीरता दिखाने के लिए कोई खलनायक नहीं था, तो नायक नायक कैसे होगा? मेरा एक सपना है कि एक बार मैं एक नकारात्मक भूमिका निभाऊंगा और लोग अपने बच्चों को कहेंगे सो जा, तो जा नहीं तो रणबीर आ जाएगा! उन्होंने आगे कहा, जैसे-जैसे हमारा सिनेमा विकसित होता है, खलनायक का चरित्र भी अधिक से अधिक जटिल और दिलचस्प होता जा रहा है। मैं उन बुरे लोगों की प्रतीक्षा कर रहा हूं जिन्हें हम अभी देखना चाहते हैं, ऐसे अभिनेता जो हमें हमारी सीटों से डरा देंगे और खलनायक जो बुराई को फिर से परिभाषित करेंगे। बहुचर्चित फिल्म शमशेरा, जिसमें वाणी कपूर और संजय दत्त भी हैं।



# मुझे लगता है कि पुरुषों को सिर्फ महिलाओं की सुननी चाहिए

रिया चक्रवर्ती ने एक इंटरव्यू में स्ट्रेस-फ्री रिलेशनशिप का सीक्रेट शेयर करते हुए बताया था कि पुरुषों को महिलाओं की सुननी चाहिए। साथ ही एक्ट्रेस ने मजाक करते हुए कहा था कि जो पुरुष अपनी फीमेल पार्टनर की नहीं सुनते वो हमेशा दुखी रहते हैं।

### रिया ने बताया स्ट्रेस-फ्री रिलेशनशिप सीक्रेट

रिया ने 2018 में दिए इंटरव्यू में कहा था, मुझे लगता है कि पुरुषों को सिर्फ महिलाओं की सुननी चाहिए। हमें पता है कि हम क्या कर रहे हैं, किस बारे में, बात कर रहे हैं। अगर आप स्ट्रेस-फ्री रिलेशनशिप और अच्छी लाइफ चाहते हैं तो महिलाओं की सुनो। रिया की इस बात से महेश भट्ट ने भी हां में सिर हिलाते हुए कहा कि वो भी एक हैप्पी मैन हैं, क्योंकि वो ऐसे घर से हैं जहां सिर्फ महिलाओं की ही चलती है।

### महेश भट्ट ने कहा था महिलाओं को बुद्धिमान

रिया ने आगे कहा, जो लोग महिलाओं की नहीं सुनते वो हमेशा दुखी ही रहते हैं। महेश भट्ट, जो सोनी राजदान के पति और पूजा भट्ट, आलिया भट्ट और शाहीन भट्ट के पिता हैं, ने कहा कि महिलाएं बुद्धिमान होती हैं और सही डिसीजन लेती हैं। जलेबी के बाद रिया सिर्फ मिस्ट्री थ्रिलर चेहरे में नजर आई थीं। 2021 में रिलीज हुई फिल्म में उनके अलावा अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी और सिद्धांत कपूर भी लीड रोल में थे। रिया ने अपना बॉलीवुड डेब्यू 2013 में आई फिल्म मेरे डैड की मारुति से किया था। इसके पहले रिया वीडियो जॉकी के तौर पर काम किया करती थीं।



# डेब्यू फिल्म फ्लॉप होने से टूट गई थीं कियारा

**कियारा आडवाणी को हिट फिल्मों के लिए लकी चार्म कहा जा रहा है। पहले भूल भुलैया 2 और अब जुग जुग जियो। वह लगातार बड़ी बड़ी फिल्में कर रही हैं और उनकी फिल्में हिट भी हो रही हैं। इस बीच कियारा आडवाणी अपने 8 साल के करियर व तमाम पहलुओं पर खुलकर जवाब दिए।**

कियारा आडवाणी बॉलिवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं, बॉक्स ऑफिस पर जिनको लेकर भरोसा किया जा सकता है। शेरशाह की अभूतपूर्व कामयाबी के बाद हाल ही में रिलीज हुई भूल भुलैया 2 ने बंपर कमाई कर बॉक्स ऑफिस की पनौती को तोड़ा है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म जुग जुग जियो को लेकर। कियारा आडवाणी अपने 8 साल के करियर व तमाम पहलुओं पर खुलकर जवाब दिए। लोग कह रहे हैं कि आठ साल बहुत होते हैं, मगर मुझे लगता है कि मैंने अभी शुरुआत की है। अभी मुझे आगे



जाना है। मुझे लगता है कि मेरे करियर का हाई पॉइंट अभी आना बाकी है, जबकि लो पॉइंट तो करियर की शुरुआत में ही आ गया था, जब मेरी पहली फिल्म फगली बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी। उस वक्त मुझे महसूस हुआ कि पता नहीं मेरा आगे क्या होगा? काम मिलेगा या नहीं ? जब तक आप एक हिट फिल्म नहीं देते, तब तक आपके प्रति इंडस्ट्री का नजरिया अलग होता है। आप पर फ्लॉप एक्ट्रेस का टैग लग जाता है। पहले ही साल में पहली फिल्म के फ्लॉप होने के बाद मुझे काम मिलना बंद हो गया था। मैं लगातार ऑडिशन देती जा रही थी। वो बहुत बुरा दौर था, मगर मेरा आत्मविश्वास कभी हिला नहीं। मुझमें अपने सपने को साकार करने का जुनून कभी कम नहीं हुआ। अब सोच रही हूं तो करियर का हाई पॉइंट कबीर सिंह रहा। वो फिल्म यकीनन मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। ये वो दौर है, जब प्रीति-कबीर आइकॉनिक नाम बन चुके थे। मैं जहां भी जाती, लोग मुझे उसी किरदार के नाम से बुलाते थे। क्रिटिकली मेरे लिए हाई पॉइंट था वेब पर रिलीज लव स्टोरीज। यहां से मेरे आलोचकों और फिल्मकारों को लगा कि मुझमें अभिनय की क्षमता भी है।

# घर की सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से कुछ इस तरह करें डेकोरेट हरा-भरा लगेगा घर



**आज के समय में हर व्यक्ति अपने घर में प्लांट्स को जगह देने लगा है। भले ही उसका घर स्पेशियस हो या फिर छोटा, यह प्लांट्स किसी भी घर को बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इतना ही नहीं, अमूमन लोग अपनी सुविधा व स्पेस को देखते हुए हैंगिंग गार्डनिंग से लेकर बालकनी व टेरेस में भी गार्डनिंग करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन घर का एक एरिया ऐसा भी है, जहां पर अगर प्लांट्स लगाए जाएं तो पूरे घर का मेकओवर हो सकता है और फिर इसके बाद आपको अलग से किसी अन्य एरिया में प्लांट्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।**

यह एरिया है आपकी सीढ़ियां। घर की सीढ़ियों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यही सीढ़ियां आपके पूरे घर का लुक बदल सकती हैं। अगर आप इन्हें एक नेचुरल व ब्यूटीफुल टच देना चाहती हैं तो वहां पर गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। आप सीढ़ियों पर उन प्लांट्स को लगाएं, जिन्हें सीधी धूप या बहुत अधिक रख-रखाव की आवश्यकता ना हो। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि आप अपने घर में सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से किस तरह और भी अधिक खूबसूरत बना सकती हैं-

## वर्टिकल गार्डनिंग

जब सीढ़ियों पर प्लांटिंग करने की बात हो तो ऐसे में वर्टिकल गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। यह वास्तव में काफी कम स्पेस लेता है, लेकिन इस तरह आप अपनी सीढ़ियों के एरिया को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म कर सकती हैं। आप कोशिश करें कि सीढ़ियों की एक साइड की दीवार पर आप वर्टिकल गार्डनिंग के लिए स्टैंड को हैंग करें और उसमें बेहद ही खूबसूरत स्मॉल साइज के पौधे लगाएं। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल लगेगा।

## यूं दें एलीगेंट लुक

अगर आप अपनी सीढ़ियों को एक बेहद ही एलीगेंट तरीके से सजाना चाहती हैं तो आप पॉटेड प्लांट्स को सीढ़ियों पर रखें। खासतौर से, अगर आपकी सीढ़िया वुडन की हैं तो आप कॉन्ट्रास्टिंग कलर के एक बिग साइज पॉट को सीढ़ी पर रख सकती हैं। हालांकि, अगर आप ऐसे अपनी सीढ़ियों को सजा रही हैं तो अन्य पॉट्स को घर के किसी दूसरे कोने में प्लेस करें।

## स्नेकप्लांट्स लगेंगे बेहद खूबसूरत

यह भी एक तरीका है सीढ़ियों को सजाने का। इसके लिए आप कई पॉट्स में केवल स्नेकप्लांट्स ही लगाएं। अब आप इन पॉट्स को अपनी हर सीढ़ी के उपर रखती जाएं। यह ना केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि आपके घर की हवा को भी नेचुरली प्यूरिफाई करने में मदद करते हैं। इसके बाद आपको अलग से एयर प्यूरिफायर खरीदने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

## रेलिंग पर करें फोकस

जब आप सीढ़ियों पर गार्डनिंग कर रही हैं तो सिर्फ उसकी साइड की दीवार या स्टेप्स के साथ ही आप क्रिएटिव नहीं हो सकतीं, बल्कि रेलिंग का लुक भी बदल सकती हैं। आप मनी प्लांट्स से लेकर अन्य कई प्लांट्स को रेलिंग पर लगा सकती हैं। हालांकि, आप रेलिंग के लिए ऐसे प्लांट्स को चुनें, जिनकी लताएं नीचे की ओर बढ़ती जाएं, ताकि यह आपकी पूरी रेलिंग को कवर कर सकें और देखने में भी खूबसूरत लगे।

## सीढ़ियों के नीचे का स्पेस

अगर आपकी सीढ़िया घर में कुछ इस तरह बनी हुई हैं कि उनके नीचे आपके पास काफी सारा स्पेस बचता है, तो वहां पर भी प्लांटिंग करना अच्छा आईडिया है। अगर आप चाहें तो इस एरिया में एक मिनी गार्डन तैयार कर सकती हैं। आप यहां पर तरह-तरह के खूबसूरत प्लांट्स रख सकती हैं। साथ ही कुछ पेबल्स व लाइटिंग के जरिए इस लुक को और भी खास बनाएं। यकीन मानिए, इस एरिया में जब आप कुछ फुरसत के पल बिताएंगी, तो आपको बेहद ही अच्छा लगेगा।





# ...अगर आपका बच्चा भी करता है बिस्तर गीला

**कई बार बच्चे 1 साल से बड़े होने के बाद भी बिस्तर पर ही पेशाब कर देते है। अक्स पेरेंट्स बच्चे की इस आदत को लेकर परेशान रहते है लेकिन बच्चे का बार-बार ऐसा करना किसी परेशानी के कारण भी हो सकता है। कई बार तो बच्चे रात में डर के कारण बिस्तर गीला कर देते है लेकिन इसके अलावा बच्चे यूरिन इंफेक्शन, तनाव, पुरानी कब्ज या असंतुलित हार्मोन के कारण ऐसा करते है।**

अगर आपका बच्चा भी ऐसा कर रहा है तो इससे आपको परेशान होने की जरुरत नहीं। इस समस्या को आप कुछ असरदार घरेलू नुस्खे से दूर कर सकते हैं। आइए जानते है किन उपायों द्वारा बच्चे की इस परेशानी को दूर किया जा सकता है।

## बच्चों को बार-बार यूरिन आने के कारण

- ब्लैडर में इंफेक्शन
- ब्लड शुगर के कारण
- प्रॉस्टेट ग्रंथि में यूरिन का बढ़ना
- ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन
- पेट में कीड़े की समस्या
- मूत्राशय में पेशाब जमा करने की क्षमता कम होना

## इसके घरेलू उपचार

### अखरोट

2 अखरोट और 20 किशमिश को पीसकर चूर्ण बना लें। 3 हफ्ते तक बच्चे को इसका सेवन कराने से यह समस्या दूर हो जाएगी।

### पिस्ता

5 काली मिर्च, 3 पिस्ता और मिनका पीस लें। दिन में दो बार बच्चे को यह चूर्ण खिलाने से उसकी यह परेशानी दूर हो जाएगी।



### काले तिल

50 ग्राम काले तिल, 25 ग्राम अजवाइन और 100 ग्राम गुड़ को मिलाकर 8-8 ग्राम के लड्डू बना लें। बच्चे को रोजाना सुबह-शाम 1 लड्डू खिलाने से उसकी पेशाब की बीमारी ठीक हो जाएगी।

### शहद का सेवन

रोजाना रात को सोने से पहले बच्चे को नियमित रूप से शहद चटा दें। कुख हफ्तों में ही बच्चे को बार-बार यूरिन आने की परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

### अजवाइन

1 चम्मच अजवाइन में नमक मिलाकर बच्चें को गर्म पानी से सात खिला दें। दिन में 2 बार इसका सेवन बार-बार यूरिन आने की समस्या से निजात दिलाता है।



# जुड़वां बच्चे होने पर दिखते हैं ये लक्षण!

**प्रैग्नेंसी हर महिला की जिंदगी का सबसे अहम पल होता हैं। जब किसी औरत को मां बनने की खुशी मिलती है तो उसके साथ पूरा परिवार खुश हो उठता है। हर औरत के मन में सबसे पहला सवाल उठता है कि उसका होने वाला बच्चा कैसा होगा, वहीं अगर गर्भ में जुड़वां बच्चों के पलने की खबर मिल जाए तो खुशी दोगुणा बढ़ जाती है। जुड़वा बच्चों के होने पर गर्भवती महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते है, जिनके बारे में अक्सर महिलाओं को नहीं पता होता। आज हम आपको उन्ही लक्षणों के बारे में बताने जा रहे है, जिनसे पता जलता है कि गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे है।**

## मॉर्निंग सिकनेस

गर्भवती महिला को मॉर्निंग सिक्नेस रहना भी एक संकेत हो सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही मतली और जी मिचलाना महसूस हो सकती है। जिन गर्भवती महिलाओं को जुड़वा बेबी होने वाले होते है उन्होंने बाकी गर्भवती महिलाओं की तुलना में अधिक मार्निंग सिक्नेस रहती है।

## ब्लीडिंग और स्पॉटिंग

जिस महिला को जुड़वा होने वाली होती है, उन्हें स्पॉटिंग और ब्लीडिंग अधिक होती है। यदि ब्लीडिंग के साथ बुखार और लाल खून के धब्बे पड़ रहे है तो इसमें डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह जुड़वा बच्चों की निशानी हो सकती है।

## वजन बढ़ना

अगर वजन सामान्य गर्भावस्था की तुलना से अधिक है तो भी जुड़वां बच्चे होने का संकेत हो सकता है। एक औसत गर्भावस्था में सामान्य वजन 25 पाउंड होता है, जबकि जुड़वां गर्भावस्था में वजन 30 से 35 पुांड के बीच होता है।

## अधिक भूख लगना

जुड़वां बेबी होने पर गर्भवती महिला को अधिक भूख लगती है। इसलिए जब आपको साथ भी ऐसा हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें क्योंकि यह कोई और बात भी हो सकती है।

## पेट में दर्द होना

जुड़वां गर्भवती महिला के सामान्य से ज्यादा पेट में दर्द रहने लगता है यह दर्द शरीर को अधिक वजन होने के कारण भी हो सकता है। इसलिए इस बात के बारे में एक बार डॉक्टर से जरूर बात करें।





# बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डालें

बच्चे और हैल्दी फूड तो मानों एक दूसरे से मेल ही नहीं खाते लेकिन बच्चों के विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि भविष्य के लिए भी खाने की अच्छी आदतें फायदेमंद साबित होती हैं। जंक फूड, पिज्जा,बर्गर, चिप्स आदि बच्चे बहुत चाव से खाते हैं लेकिन खाने में ये टेस्टी तो होते हैं लेकिन सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जो आने वाले समय में मोटापा,डायबिटिज,हाई बीपी, स्ट्रोक,दिल की बीमारियां आदि होने का कारण बनते हैं। शुरू से ही अगर बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डाल दी जाए तो उसके लिए बहुत अच्छा होगा।

## बताएं हैल्दी चीजों का महत्व

बच्चे में अनुशासन,पढ़ाई के साथ-साथ खाने की अच्छी आदतों का होना भी बहुत जरूरी है। उन्हें बताएं कि घर का बना खाना खाना आपके लिए कितना अच्छा है। बाहर का खाना न तो हैल्दी होता है और न ही साफ-सुथरा। कभी-कभी बच्चों को उनकी पसंद का खाना घर पर ही बना कर खिलाएं।

## एक जगह बिठा कर करवाएं भोजन

ज्यादातर बच्चों को खाना खाते समय घूमने की आदत होती है जो एक गलत आदत है। बच्चे को रोजाना एक ही जगह पर बिठा कर खाना खिलाएं और बार-बार की बजाए एक ही बार में खाना खाने को कहें लेकिन जबरदस्ती न करें।

## टेस्ट में करें बदलाव

एक ही तरह का खाना खाकर बच्चे बोर हो जाते हैं, खाना का टेस्ट बरकरार रखने के लिए उनके डाइट प्लान में कभी स्नैक्स, जूस, सूप, फ्रूट सलाद आदि के साथ खाने में ट्विस्ट लाएं।

# कामकाजी महिला हैं तो इस तरह रहें बच्चे के करीब

**औरतों को घर और ऑफिस के काम एक साथ संभालने का हुनर बहुत अच्छी तरह से आता है। कई बार समय की कमी के कारण वह अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पाती, जितना कि उसके बच्चों को मां के साथ की जरूरत होती है।**

बच्चों के साथ समय बिताकर आप उनके दिल की बातों को अच्छी तरह से जान सकते हैं लेकिन आप भी काम के तनाव की वजह से परेशान हैं और बच्चों के कटी-कटी रहती हैं तो कुछ स्मार्ट टिप्स आपके काम आ सकते हैं जो बच्चे के साथ आपके रिश्तों के पहले से भी ज्यादा मजबूत बना देंगे।

## बच्चों से करें दिनभर की बातें

रात को आपके पास परिवार के साथ समय बिताने के सबसे अच्छा बहाना होता है। डिनर के समय पति और बच्चों के साथ ही खाना खाएं। दिन भर की बातें परिवार के साथ शेयर करें और उनकी बातें सुनें। इससे बच्चों का आपके साथ प्यार बढ़ेगा और वह आपसे बातें करने के लिए बेताब रहेगा।

## काम में लें बच्चों की मदद

बच्चे तब बहुत खुश होते हैं जब आप उनसे किसी बात के लिए मदद मांगते हैं। कभी-कभी प्यार से बच्चे को आपकी मदद करने के लिए कहें जैसे खाना बनकर तैयार है तो उसे डाइनिंग टेबल सजाने के लिए कह सकते हैं। उसकी पसंद की डिश बना रही हैं तो उससे परोसने के लिए मदद ली जा सकती है।

## मस्ती भी जरूरी

बच्चों के करीब आने के लिए उनके साथ कभी-कभी खुद भी बच्चे बनना पड़ता है। आप परिवार के साथ कुछ ऐसे गेम्स खेल सकते हैं जिसे बच्चे पूरी तरह से एंज्वाय भी करें और उन्हें कुछ सीखने के लिए भी मिले। जैसे हॉट सीट, पर्ची पर सारे सदस्यों का नाम लिखें, जिसके नाम की पर्ची निकले वह हॉट सीट पर बैठे और बाकी के सदस्य उससे सवाल पूछें। जो सबसे ज्यादा सही जवाब दे उसे शॉपिंग या पिंकनिक का गिफ्ट दिया जा सकता है।





# बच्चों के मां-बाप नहीं दोस्त बनें

**हर मां- बाप चाहते हैं कि उनकी बेटियां पढ़ लिखकर जिंदगी में कामयाब बने। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए पेरेंट्स उन्हें घर से बाहर दूसरे शहरों में भी पढ़ने के लिए भेजते हैं लेकिन दिन-प्रतिदिन लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखकर कुछ मां- बाप अच्छी नौकरी या पढ़ाई के लिए उन्हें बाहर भेजने से डरने लगे हैं। उन्हें हर पल यही फिक्र सताती है कि उनकी बच्ची सही सलामत है या नहीं। अगर आपके घर में लड़किया हैं और वह पढ़ाई करने, नौकरी करने या किसी अन्य काम से रोजाना घर से बाहर जाती हैं या घर से दूर कहीं बाहर रहती हैं। तो माता- पिता होने के नाते आपको कुछ सावधानियां बरतने की खास जरूरत है ताकि वह हर छोटी से छोटी बात भी आपसे शेयर कर सके। तो आइए जानते हैं उन बातों के बारे में जो आपकी बच्ची को घर के बाहर भी सुरक्षित रख सकती हैं।**

## मोबाइल भी जरूरी

कुछ मां- बाप की सोच है कि मोबाइल फोन से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वह पढ़ना-लिखना छोड़ देंगे और पूरा दिन सिर्फ मोबाइल फोन पर ही लगे रहेंगे लेकिन बेटियों के पास मोबाइल फोन होना जरूरी है। वह कहीं बाहर गई हो और घर वापसी में लेट हो जाए तो आपको फोन करके बता सकती हैं। इसके अलावा अगर कभी कोई मुसीबत आती है तब भी वह आपको फोन कर सकती हैं। बच्चों का दोस्त बनना बहुत जरूरी है अगर आप उनके साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करेंगे तो वह खुल कर आप से हर बात शेयर कर पाएंगे। जब आपको उसके बारे में हर बात पता होगी तो आप अपनी बच्ची को परेशानियों से बचा सकते हैं।

## थोड़ी दूरी भी बनाएं

बच्चों को स्पेस देना भी जरूरी है हर वक्त उनके पीछे परछाई की तरह लगने रहने से वह परेशान हो जाएगी। इससे आपका बच्चा धीरे-धीरे आप से दूर होता चला जाएगा और कभी आप पर भी भरोसा नहीं करेगा। खुद का भरोसा बच्चे पर बनाने के लिए कुछ समय उसे अकेले भी समय बिताने का मौका दें ताकि उन्हें पता चल सके कि क्या सही है और क्या गलत।

## दोस्तों की जानकारी

आपको उनके दोस्तों के बारे में पता होना जरूरी है वह पूरा दिन कौन से दोस्तों के साथ रहती है इस बात की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इस बात को सुनिश्चित करें की उसकी संगत अच्छी हो। अपने बच्चे ही नहीं बल्कि उनके दोस्तों से भी दोस्ती बनाएं।

## आत्मरक्षा के तरीके

बेटियों को आत्मरक्षा करने के लिए तरीके बताएं। आजकल तो बहुत से स्कूलों और कॉलजों में बच्चों को कराटे और बहुत-से ऐसे टिप्स बताए जाते है जिनसे वह अकेली होने पर अपनी रक्षा कर सके। लड़कियों को कभी भी कमजोर या अकेला महसूस न होने दें।

## अपनी राय न थोपें

बच्चों को अच्छी बुरी के बातों के बीच फर्क बताना जरूरी है लेकिन उन पर अपनी राय थोपना गलत है। जब आप उनकी हर बात पर अपनी राय थोपेंगे तो वह बहुत-सी बातों को आप छीपाएगी। जो उसके लिए बाद में परेशानियां खड़ी कर सकती हैं।

# उदयपुर की घटना को लेकर बालोतरा बंद

मरूधर आईना

**बालोतरा-** उदयपुर के टेलर कन्हैया लाल की कुछ जिहादी प्रवृति के लोगों की ओर से गला रेत कर हत्या करने के विरोध में मगंलवार को सर्व समाज के आह्वान पर बालोतरा पूर्णतया बंद सफल रहा। सभी व्यापारिक मंडलों, संस्थाओं, समाजों और धार्मिक संगठनों ने बंद का समर्थन करते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। इस दौरान कृषि उपज मंडी, सब्जी मंडियां, मुख्य बाजार समेत गली-मोहल्लों में भी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में आक्रोश जताया। इस दौरान सर्व हिंदू समाज के लोगों ने सुबह से ही टोलियां बनाकर शहर में वंदे मातरम, जय श्रीराम के नारे लगाते हुए प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील की। दोपहर 11 बजे बाद घंटाघर से सर्व हिंदू समाज के सैकड़ों लोगों ने





उपखंड कार्यालय तक जुलूस निकाला। इस दौरान पुलिस के कड़े सुरक्षा बंदोबस्त रहे। उपखंड कार्यालय के आगे जगह संकरी होने के कारण उपखंड अधिकारी को कार्यालय से महज कुछ दूरी पर ज्ञापन लेने के लिए सामने आना पड़ा। नारेबाजी करते हुए कन्हैया के हत्यारों को फांसी की सजा देने और गहलोत सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। गुस्से और आक्रोश के साथ निकले जुलूस के बावजूद समुचित सुरक्षा प्रबंध होने की वजह से माहोल शांतिपूर्ण रहा। पूरे दिन व्यापारियों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे। सर्व समाज के आह्वान पर पहली बार बंद को आमजन को ऐसा समर्थन मिला कि किसी ने भी दुकान नहीं खोली इसी वजह से कुछ संगठनों की टोलियां शहर में निकली लेकिन उन्हें कहीं भी दुकानें खुली नहीं मिली व्यापारी वर्ग ने कहा कि उदयपुर में जिस तरह युवक की हत्या की है उसके बाद गुस्सा है यह हमारा धर्म दी है हम साल पर दुकान खोल कमाते हैं 1 दिन बंद रखेंगे तो मरेंगे नहीं।

### शांतिपूर्ण आक्रोश रैली निकाली गई, नहीं हुआ कोई दंगा

उदयपुर की घटना के बाद राजस्थान के कोने कोने में सर्व हिंदू समाज कन्हैयालाल को न्याय दिलाने की मांग तथा हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर जगह जगह पर बंद करने का आह्वान किया तथा आक्रोश रैली निकाली गई उसी उपलक्ष में बालोतरा में भी बालोतरा बंद का आह्वान कर आक्रोश रैली निकाली गई इस रैली में किसी भी व्यक्ति विशेष की ओर से कोई झगड़ा झड़प नहीं हुआ शांतिपूर्ण आक्रोश रैली निकाली गई।

### संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

बालोतरा संगीत एकेडमी सेवा संस्थान के सहयोग से आक्रोश रैली के दौरान धरना स्थल पर संगीत में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा सभी सर्व समाज के लोगों ने ताल से ताल स्वर से स्वर मिलाकर हनुमान चालीसा का भव्यतम दिव्यता पाठ किया गया। आक्रोश रैली में बालोतरा शहर के व्यापारी वर्ग सर्व हिंदू समाज के हजारों की तादाद में लोग उपस्थित थे तथा इस रैली में आए सभी लोगों का सनातन धर्म सभा समिति के अध्यक्ष आशु राम सुथार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कलक्टर ने रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय व पुलिस थाना का किया निरीक्षण



मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** जिला कलक्टर निशांत जैन ने मंगलवार को रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं पुलिस थाना रानीवाड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। निरीक्षण के दौरान पुलिस थाना रानीवाड़ा में जिला कलक्टर को पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

जिला कलक्टर ने पुलिस थाना में स्वागत कक्ष, मैस, कार्यालय रिकॉर्ड सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस थाना निरीक्षण के उपरान्त जिला कलक्टर ने उपखण्ड कार्यालय रानीवाड़ा में विभिन्न अनुभागों का अवलोकन कर रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहत्तर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में कार्मिकों की उपस्थिति देख विभिन्न विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल, उप अधीक्षक शंकरलाल, सीआई सवाईसिंह सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर के निर्देश पर जवाई नहर सफाई कार्य चल रहा अभियान मोड़ पर



**जिला कलक्टर ने औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को तीव्र गति से सफाई कार्य पूरा करवाने के दिए निर्देश**

मरूधर आईना

**ओम प्रकाश प्रजापति पाली-सिटी,** जिला कलक्टर श्री नमित मेहता के निर्देश पर शुरू हुआ जवाई नहर सफाई कार्य अभियान मोड़ पर चल रहा है। मंगलवार को जिला कलक्टर ने जवाई नहर में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर नगर परिषद अधिकारियों व संबंधित फर्म मालिक को सफाई कार्य तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए। श्री मेहता ने नहर के आसपास हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने एवं नहर से निकाली जा रहे कचरे व गन्दगी को हटाकर सही उपयुक्त स्थान पर डालने के निर्देश दिए। नगर परिषद आयुक्त श्री बृजेश राय ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि नहर की सफाई का कार्य लगभग 1.5 किलोमीटर से ज्यादा किया जा चुका है एवं शेष कार्य जल्द पूरा कर दिया जाएगा । आयुक्त ने बताया कि नहर सफाई का कार्य दो चरणों में किया जाएगा। इसके तहत प्रथम चरण में बांडी से लखोटिया तक सफाई कार्य किया जा रहा है।

## आधी रात में घायल सांड को इलाज के लिए निजी गाड़ी से पहुंचाया गौभक्तों ने

मरूधर आईना



**बालेसर जोधपुर रामसिंह राठौड़/** कामधेनु सेना के बालेसर तहसील अध्यक्ष बगताराम गोदारा ने बताया की रात करीब 9.30बजे कामधेनु सेना सदस्य अणदा राम भाम्बु चामु अपनी दुकान से बावरली घर आ रहे थे रास्ते में खुड़ियाला के पास एक एक्सीडेंट सांड तड़प रहा था अणदाराम मौके पर रूके और वहां मौजूद गौभक्तों ने मिलकर उसे उसी समय निजी गाड़ी से इलाज के लिए विश्व स्तरीय चिकित्सालय रलावास लेकर गए बगताराम ने विश्व स्तरीय चिकित्सालय मेडिकल टीम को पहले घायल सांड की सुचना दे दी तो गाड़ी रात को 12 बजे वहां पहुचते ही डाक्टर ने घायल सांड का इलाज शुरू कर दिया मौके पर मौजूद गुमान सिंह भाटी ,उगम सिंह बुद्धसिंह इंदा महेंद्र सिंह चौहान नेमाराम भादू जेताराम चौधरी मोड सिंह भाटी ,जबर सिंह ,रूप सिंह ,आईदान सिंह ,सवाई सिंह गोयल ,जालम सिंह भाटी सभी सदस्यों ने अच्छा जनसहयोग किया।

## बाड़मेर और गुडामालानी मैं कृषि महाविद्यालय की स्वीकृति जारी

मरूधर आईना

**तिलोकाराम दर्जी/ गुड़ामालानी।** बाड़मेर और गुड़ामालानी सहित प्रदेश के 29 नए राजकीय कृषि महाविधालय के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी हैं। गुड़ामालानी में लंबे समय से कृषि महाविधालय की स्थापना की मांग को लेकर डिजिटल आंदोलन भी रहा था जिसके बाद गत बजट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसकी घोषणा की थी। कृषि महाविधालय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी होने से किसानों और कृषि छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं। कृषि महाविधालय की स्थापना को लेकर लंबे समय तक डिजिटल आंदोलन करने वाले समूह राजनिति का खुला मंच गुड़ामालानी के सदस्य सालूराम सियोल चौधरी ने बताया कि कृषि महाविधालय के यहाँ स्थापित होने से स्थानीय छात्रों का कृषि के प्रति रुझान भी बढ़ेगा और कृषि विज्ञान केंद्र भी गुड़ामालानी में ही होने की वजह से छात्रों को प्रशिक्षण भी अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गुड़ामालानी के विधायक एवं वन मंत्री हेमाराम चौधरी और आंदोलन में सहयोग करने वाले समस्त नागरिको का भी आभार जताया। भारतीय किसान संघ के जोधपुर संभाग के संभाग प्रमुख प्रह्लाद सियोल ने बताया कि कृषि महाविधालय की स्वीकृति जारी होने से किसानों में भी खुशी हैं, किसान पुत्रों को पहले अन्यत्र दूर दराज के क्षेत्र में पढ़ने के लिए जाना पड़ता था।

# परिवार के साथ दिखी रेगिस्तान की मिनी शेरनी



## सुहावने मौसम में घूमने निकले हिरण, शर्मीले जीव भी आए नजर

मरूधर आईना

**जैसलमेर** - जैसलमेर में मनसून की एंट्री के साथ ही जंगली जीव सुहावने मौसम में बाहर निकलना शुरू हो गए है। पानी की आवक और हरियाली का आनंद लेना शुरू कर दिया है। जंगल से हिरण झुंड में निकल रहे है। शर्मीले पक्षी गोडावण सहित कई जंगली जानवर देखें जा रहे है। देगराय ओरण इलाके में जंगली बिल्ली का परिवार भी नजर आया है।

बिल्ली के परिवार वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर और पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह भाटी ने कैमरे में कैद किया। उन्होंने बताया कि बारिश के बाद से जीव जंगल से बाहर आकार मौसम का आनंद लेते हैं। इस बार देगराय ओरण में डेजर्ट कैट को भी देखा गया है। इसे जैसलमेर की लोकल भाषा में रोही बिल्ली कहा जाता है। डेजर्ट कैट के परिवार में 8 सदस्य को देखा गया हैं। रेगिस्तानी इलाकों में जंगली बिल्ली की संख्या लगातार कम होने के कारण यह लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। सुमेर सिंह भाटी ने बताया कि रेगिस्तानी







### सुहावने मौसम का आनंद ले रहे जीव

वन्यजीव प्रेमी भाटी ने बताया कि अपने परिवार के साथ नजर आई जंगली बिल्ली को देखकर वन्यजीव प्रेमियों ने खुशी जताई है। चारों तरफ हरियाली और पानी की आवक से जंगली जीव भी खुश हैं। शर्मीले जीव सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए हैं।

इलाके की इस बिल्ली को मिनी शेरनी भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि डेजर्ट कैट की भूमिका रेगिस्तानी इलाकों में चूहों और कई तरह जीवों की जनसंख्या को कंट्रोल करने की रहती है। ऐसे में वहां ईकोलोजी सिस्टम भी बेहतर रहता है। उनका कहना है कि रेगिस्तानी इलाकों में सोलर और विंड कंपनियों के आने से जंगली बिल्लियों की संख्या कम हो रही है। इसके अलावा इनकी सुंदर खाल के कारण ये शिकारियों की नजरों में रहती है। इसका संरक्षण बहुत जरूरी है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जन जागरण अभियान का आगाज



मरूधर आईना

**बाड़मेर/ भावेश भील पूंजाबेरी/** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई भीमथल के तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर लोक बंधु के कर कमलों से सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जन जागरण अभियान का आगाज किया । प्रधानाचार्य डॉ. रूप सिंह जाखड़ ने बताया की nss स्वयंसेवकों के द्वारा घर पर तैयार की गई कैरी बैग (कपड़े की थैलियां) जिलाधीश महोदय के हाथों से विमोचन कर कृषि मंडी ,सब्जी मंडी व मुख्य बाजार में दुकानदारों व अन्य ग्राहकों को भेंटकर इस अभियान का आगाज किया ।

जिला कलेक्टर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चलाए जा रहे इस सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान की सराहना की और बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिखरी प्लास्टिक की अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी वस्तुओं में बदलकर जागरूकता का संदेश दिया जाए। तथा ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें ।

इस अवसर पर जिला समन्वयक व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जेतमालसिंह राठौड़ ने बताया कि जो स्वयंसेवकों के द्वारा प्लास्टिक जागरूकता के लिए जो कागज व कपड़े की थैलियां बनाकर जो जागरूकता का संदेश दिया गया है यह सराहनीय और प्रशंसनीय है। प्रधानाचार्य डॉ.रूपसिंह जाखड़ ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक विद्यालय स्तर पर घर में अनुपयोगी कपड़ों से कैरी बैग बनाकर ग्रामीण जनों को घर-घर जाकर ग्रामीण लोगों को सिंगल यूज़ मुक्त अभियान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता बिंजाराम सुथार सहित भीमथल के10 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## हड्डियों की बी.एम.डी. जांच का निःशुल्क शिविर 11 जुलाई को

मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** राजकीय सामान्य चिकित्सालय जालोर में हड्डी एवं जोड के रोगियों के लिए निःशुल्क बी.एम.डी. जांच शिविर 11 जुलाई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जायेगा। सामान्य चिकित्सालय में आयुर्वेद यूनिट के प्रभारी डॉ. नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि आयुर्वेद विभाग द्वारा उक्त शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें हड्डियों में मिनरल की जांच की जायेगी एवं संबंधित रोगियों को निःशुल्क औषध वितरण भी किया जायेगा।

## तलाई योजना साबित हो रही वरदान: 12 लाख लीटर पानी होता है इकट्ठा, 350 का लक्ष्य किया आवंटित

मरूधर आईना

**बालोतरा/भावेश भील पूंजाबेरी/** गिरते भूजल स्तर पर राज्य कृषि विभाग की खेत तलाई योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना में किसानों के बढ़चढ़ कर रूचि लेने पर विभाग ने इस वर्ष लक्ष्य बढ़ाकर दोगुने किए। बावजूद यह नाकाफी पड़ रहे हैं। योजना में लक्ष्यों में बढ़ोतरी कर जल संरक्षण और खेती दोनों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसे लेकर किसान भी सरकार से इसकी मांग कर रहे हैं।

### 12 लाख लीटर पानी होता है इकट्ठा

खेत तलाई योजना में किसानों के ऑनलाइन आवेदन करने पर विभाग वरीयता के अनुसार इन्हें लाभान्वित करता है। चयनित किसानों को 20 मीटर लंबाई, 20 मीटर चौड़ाई और तीन मीटर गहराई में किसानों को पक्का या कच्ची तलाई का निर्माण करवाना होता है। विभाग कच्ची तलाई में 63 हजार और पक्की तलाई पर 90 हजार रुपए अनुदान के रूप में देता है। कच्ची तलाई निर्माण पर करीब 1 लाख 25 हजार, पक्की तलाई निर्माण पर करीब 1 लाख 80 हजार रुपए खर्च आता है। तलाई में 12 लाख लीटर पानी एकत्रित होता है। जो चार हैक्टयर भूमि की सिंचाई के लिए पूरा होता है।



### किसान ले रहे रूचि

योजना में निर्माण करवाने पर आधी से कुछ अधिक राशि अनुदान रूप में सरकार के उपलब्ध करवाने, इसे बनाने पर जल संरक्षण के साथ इसका समुचित उपयोग होने पर किसान इसमें बढ़चढ़ कर रूचि ले रहे हैं। गत वर्ष सरकार ने योजना में तलाई निर्माण के 150 लक्ष्य आंवटित किए थे। किसानों के इसमें रूचि दिखाने पर इस वर्ष सरकार ने इसमें दोगुने से अधिक बढ़ोतरी कर 350 का लक्ष्य आंवटन किया। इसके लिए जिले भर से 1365 किसानों ने आवेदन किया। इसमें से अब तक 265 की स्वीकृतियां जारी की गई।

**इनका ये कहना**

योजना में किसान बढ़चढ़ कर रूचि ले रहे हैं। योजना लाभ के लिए क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसानों ने आवेदन किया है। इस वर्ष में अब तक सात किसानों के लिए स्वीकृतियां जारी की गई है।

**विजय जैन, सहायक कृषि अधिकारी, बालोतरा**

## बरसात ने खोली प्रशासन की पोल:पहली बरसात ने नगर पालिका की खोली पोल, नालियों से अवरुद्ध होकर गंदा पानी आमजन के लिए बना परेशानी



मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया पोकरण-** पोकरण सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार की दोपहर को लगभग आधा घंटे हुई बरसात से मौसम खुश गंवार हो गया। परमाणु नगरी पोकरण में सुबह से ही आसमान बादलों से गिरा दिखाई दिया, इस दौरान अच्छी बारिश होने की उम्मीद जगी बादलों ने भी स्थानीय बाशिंदों को निराश नहीं किया। करीब आधे घंटे तक कभी तेज तो कभी धीरे बूंदाबांदी होती रही, जिससे लोगों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन भयंकर उमस ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। बरसात के बाद आसमान एकदम साफ हो गया और धूप खिली हालांकि आसमान में बादलों की आवाजाही का दौर बना रहा। जिला प्रशासन और उपखंड प्रशासन बरसात से पहले नाले नालियों की सफाई के आदेश देता रहा, लेकिन पालिका प्रशासन ने उस पर अमल नहीं किया, जिसके चलते पहली अच्छी बरसात से नालियां अवरुद्ध हो गई और गंदा पानी सड़कों पर जमा हो गया। लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार की दोपहर को कभी धीरे तो कभी तेज बरसात होने के चलते बच्चे अपने घरों से बाहर निकले और बरसात में नहाने का लुफ्त उठाया बच्चों को नहाता देख बड़े भी पीछे नहीं रहे और वह भी अपने छोटे बच्चों को लेकर नहाने के लिए खुले चौक में आकर बरसात का आनंद लिया। पोकरण सहित आसपास के ग्रामीण हलकों में मंगलवार हुई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी गजेंद्र प्रसाद के लिए माणक ऑफसेट प्रिंटर्स, बोहरा भवन, एम जी एच रोड, जोधपुर, राजस्थान, से मुद्रित एवं सरकारी स्कूल के सामने, माधोपुरा, आहोर, जालोर 307029 (राजस्थान) । संपादक गजेंद्र प्रसाद, उपसंपादक रघुवीर सिंह देवड़ा, माधोपुरा रोड आहोर, जालोर राजस्थान 307029, फोन नंबर 8890680200, 82098 54647, ईमेल - marudharaaina@gmail.com, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जालोर रहेगा, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी )